सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
“ अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड ”

# दैनिक रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

वर्ष 2 ■ अंक 296 ■ जबलपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

दूसरा वनडे 2 विकेट से गंवाया, मैथ्यू शॉर्ट ने 74 रन बनाए; कोहली फिर जीरो पर आउट

## ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज हारा भारत

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत से वनडे सीरीज एक मैच बाकी रहते ही जीत ली है। एडिलेड में गुरुवार को खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीत हासिल की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 264 रन बनाए। रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 61 रन की पारी खेली। एडम जम्पा ने चार विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 46.2 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। मैथ्यू शॉर्ट ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। कूपर कोनोली 61 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत से अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट लिए। तीसरा वनडे 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।



### खराब रही भारत की शुरूआत

टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 2 विकेट 17 रन के स्कोर तक पहुंचने में गिर गए। कप्तान शुभमन गिल 9 और विराट कोहली खाता खोले बिना आउट हुए। दोनों का विकेट जेवियर बार्टलेट ने लिया। इसके बाद रोहित और अय्यर ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 118 रन जोड़े। भारत ने 29.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 135 रन रन बना लिए थे। शुरूआत में काफी धीमा खेलने वाले रोहित और अय्यर दोनों ने तेजी से रन बनाना शुरू कर दिया था। रोहित मिचेल स्टार्क गेंद पर बड़ा शॉट जमाने की कोशिश में हेजलवुड के हाथों कैच आउट हुए। इसके कुछ देर बाद अय्यर भी पवेलियन लौट गए। उनका विकेट एडम जम्पा ने लिया।

### भारत के लिए अब गांगुली से ज्यादा रन रोहित के नाम

रोहित शर्मा अब वनडे क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने सौरव गांगुली को पीछे छोड़ा है। रोहित ने भारत के लिए 275 मैचों में 11,249 रन बनाए हैं। वहीं, गांगुली ने भारत के लिए 308 मैचों में 11,221 रन बनाए थे। गांगुली ने वनडे इंटरनेशनल में वैसे 311 मैचों में 11,363 रन बनाए हैं। इनमें एशिया 11 की ओर से तीन मैचों में बनाए 142 रन भी शामिल हैं। वनडे में भारत की ओर से रोहित से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (463 मैचों में 18,426 रन) और विराट कोहली (304 मैचों में 14,181 रन) ही बना सके हैं।

### कोहली ने एडिलेड को गुडबाय कहा

विराट कोहली लगातार दूसरे वनडे में जीरो पर आउट हुए। जब वे पवेलिटन लौट रहे थे तो एडिलेड में मौजूद दर्शकों ने उनके सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाई। कोहली ने इस पर रिस्पॉन्स दिया और हाथ उठाकर तालियों का शुक्रिया कहा। माना जा रहा है कि यह एडिलेड में कोहली की आखिरी अंतरराष्ट्रीय पारी है। कोहली टेस्ट और टी-20 से पहले ही रिटायर हो चुके हैं। अगले दो साल में भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करना है। इसका मतलब हुआ कि अगर कोहली 2027 में साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक खेलते भी हैं तो भी ऑस्ट्रेलिया में अब वे कोई मैच नहीं खेलेंगे।

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

ऑस्ट्रेलियाः मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, मैट रेनशॉ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल ओवेन, कूपर कॉनोली, जेवियर बार्टलेट, मिचेल स्टार्क, एडम जैम्पा, जोश हेजलवुड।

सुंदर को दूसरा विकेट, ओवेन आउट

43वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट गंवाया। मिचेल ओवेन (36 रन) को वॉशिंगटन सुंदर ने कैच आउट कराया। उन्होंने एलेक्स कैरी (9 रन) को भी आउट किया।

### कॉनोली और ओवेन के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप

42वें ओवर में कॉनोली और ओवेन ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। सिराज के ओवर की 5वीं बॉल पर कूपर कॉनोली ने चौका लगाया और साझेदारी को 50 पार पहुंचा दिया। उन्होंने आखिरी बॉल पर दो रन लेकर फिफ्टी भी पूरी की।

## 10 दिन में 26,650 सस्ती हुई चांदी



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार तेजी के बाद अब गिरावट शुरू है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार चांदी की कीमत में आज यानी, 23 अक्टूबर को 1,051 रुपए की गिरावट रही, ये 1,51,450 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है। 14 अक्टूबर को कीमत 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी, तब से इसमें 26,650 रुपए गिरावट है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 553 रुपए घटकर 1,23,354 रुपए पर आ गया है। इससे पहले, 17 अक्टूबर के कारोबार में सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। तब से इसमें 7,520 रुपए की गिरावट आ चुकी है।

### सोना-चांदी के दाम में हाल ही में आई गिरावट के कारण

भारत में सीजनल बाइंग का खत्म होनाः दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद इंडिया में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। **अमेरिका-चीन ट्रेड टेंशन में ढील:** सोना-चांदी को 'सेफ-हेवन' माना जाता है, यानी मुश्किल वक्त में लोग इन्हें खरीदते हैं। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। **प्रॉफिट-टेकिंग और ओवरबॉट सिग्नल:** रैली के बाद निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (RSI) दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं। इसलिए ट्रेंड फॉलोअर्स और डीलर्स ने बिकवाली शुरू कर दी है। इस साल सोना 47,192 और चांदी 65,433 महंगी हुई इस साल अब तक सोने की कीमत 47,192 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,23,354 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 65,433 रुपए बढ़ गया है।

## इस साल के अंत तक रूस से तेल आयात बंद कर देगा भारत, ट्रंप ने फिर किया दावा



**वाशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को ह्लतेजी से कमह्व करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा, ह्लजैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है; आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते। लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है ह्व उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। ह्लभारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रंप ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा, ह्लअगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा- और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमरीका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नयी दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके।

रक्षा मंत्रालय ने मंजूरी दी, इसमें एडवांस नाग मिसाइल सिस्टम और सुपर रैपिड गन शामिल

## तीनों सेनाओं के लिए 79,000 करोड़ के हथियार खरीदे जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को करीब 79,000 करोड़ रुपए के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक में ये फैसला लिया गया। इससे नाग मिसाइल खरीदी जाएंगी, जो दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में सक्षम है। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाए जाएंगे, जिससे समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके। साथ ही एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, ताकि समंदर में पनडुब्बियों को ध्वस्त कयिा जा सके। इसके अलावा सुपर रैपिड गन खरीदी जाएंगी। इसमें नेवी, इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं जिनका उद्देश्य सेना की क्षमता और तैनाती को बढ़ाना है। इससे पहले 5 अगस्त को करीब 67,000 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

**आधुनिक हथियार-उपकरण** - नेवल सरफेस गन, नेवल सरफेस गन, लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स, लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स, एडवांस लाइटवेट टॉरपीडो, एडवांस लाइटवेट टॉरपीडो, थल सेना :




थल सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम ट'-क्क् खरीदा जाएगा, जो ट्रैक्ड व्हीकल्स पर चलेगा। ये मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और दूसरी मजबूत दीवारों का खात्मा करने में माहिर है। जो 24 घंटे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगा। ये सिस्टम दुश्मन के रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल्स को पकड़कर सिक्योरिटी को मजबूत करेगा। हाई क्वालटिी मोबिलटिी वेहकिल, जो मैटेरयिल हैंडलगिं क्रेन के साथ होगा। ये गाड़ियां हर तरह के जंगली इलाकों में सामान पहुंचाने और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने में काम आएंगी। इससे सेना को हर मौसम और जगह पर फायदा होगा।

**नेवी** : नेवी के लिए लैंडगिं प्लेटफार्म डॉक्स (LPDs) बनेगा, जो नेवी को समुद्र में बड़े ऑपरेशंस करने में मदद करेगा। ये शिप्स सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति मिशन, राहत कार्य और डिजास्टर मैनेजमेंट में भी सपोर्ट करेंगे। इसके अलावा, 30 नेवल सरफेस गन और एडवांस लाइटवेट टॉरपीडो भी मिलेंगे। इसे डीआरडीओ की नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैब ने बनाया है, जो न्यूक्लियर और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इसके साथ ही इलेक्ट्रो ऑप्टकिल इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 सुपर रैपडि गन माउंट के लिए स्मार्ट फायर कंट्रोल मशीन भी आएगी। इससे नेवी की फायरिंग पावर और सटीकता बढ़ जाएगी। कोस्ट गार्ड को भी 30 ठरत्र्ह्न से फायदा होगा, जिससे समुद्र में पाइरेसी और दूसरी गतिविधियों पर काबू पाना आसान होगा।

**एयरफोर्स:**- एयरफोर्स के लिए कोलैबरेटवि लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन सस्टिम खरीदा जाएगा। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा।

## CBI की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुशांत का परिवार

कोर्ट में चुनौती देने का किया फैसला

### रिया चक्रवर्ती को मिली थी क्लीन चिट

**मुम्बई।** दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने CBI की क्लोजर रिपोर्ट को “ऊपरी और अधूरी” बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। परिवार का कहना है कि जांच एजेंसी ने कई अहम सबूतों को नजरअंदाज किया। उइककी रिपोर्ट में कहा गया कि सुशांत ने खुदकुशी की थी और रिया चक्रवर्ती या किसी अन्य आरोपी के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जिस पर सुशांत के परिवार के वकील वरुण सिंह का कहना है कि रिपोर्ट अधूरी है। उन्होंने कहा कि चैट, गवाहों के बयान, बैंक रिकॉर्ड और मेडिकल रिपोर्ट कोर्ट में जमा किए जाने चाहिए थे। परिवार का आरोप है कि बैंक स्टेटमेंट जैसे अहम सबूत पेश नहीं किए गए। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के लगभग पांच साल बाद, मार्च 2025 में CBI ने पटना कोर्ट में इस मामले की क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में उनके एक्स गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को सभी आरोपों से बरी किया गया। उइकने यह क्लोजर रिपोर्ट दोनों मामलों में जमा की। एक मामला सुशांत के परिवार ने पटना में रिया और उसके परिवार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का दर्ज कराया था। दूसरा मामला रिया ने मुंबई में सुशांत की बहनों और परिवार के खिलाफ दर्ज कराया था। उइककी रिपोर्ट में कहा गया कि सुशांत ने आत्महत्या की थी। रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार पर कोई भी आरोप साबित नहीं हुआ। जांच में यह पाया गया कि 8 जून से 14 जून 2020 तक, जब सुशांत का शव उनके बांद्रा स्थित फ्लैट में मिला, कोई भी आरोपी उनके पास या उनके साथ नहीं था। रिया और उनके भाई शोविक चक्रवर्ती 8 जून को सुशांत का घर छोड़कर चले गए थे और उसके बाद लौटकर नहीं आए।



बिहार चुनाव में बीस साल पुरानी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

## CM फेस घोषित होते ही बोले तेजस्वी

**पटना।** बिहार चुनाव में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उमीदवार बनाए जाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार प्रदेश से 20 साल पुरानी भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। तेजस्वी यादव ने अपने माता पिता लालू-राबड़ी को याद किया और बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री का उमीदवार घोषित किये जाने पर कांग्रेस नेता अशोक गहलोत तथा सभी घटक दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया। राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि बिहार में बीस साल पुरानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार निकम्मी हो चुकी है और चारो तरफ भ्रष्टाचार से लिप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत ठीक नहीं है और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सारी गतिविधियां तीन-चार नेताओं ने अपने नियंत्रण में ले रखी हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिले हुए हैं और चुनाव के बाद जदयू को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत इस चुनाव में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का उमीदवार घोषित नही किया गया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा है कि चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग)के विधायक दल के नेता मुख्यमंत्री पड़ का चुनाव करेंगे। राजद नेता ने कहा कि राजग सरकार के तमाम दावों के बावजूद बिहार में गरीबी, बेरोजगारी, पलायन बढ़ता ही गया है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भी देश मे सबसे कम है। प्रदेश में उद्योग धंधे भी नही हैं और ना ही सरकार के पास आगे कारखाने लगाने की कोई योजना है। उन्होंने कहा कि लालू यादव के काल मे रेलवे ने कारखाना लगाया था और उन्होंने अपने 17 महीने के कार्यकाल में रीगा चीनी मिल को पुनः शुरू करवाया था।






एमपी बीजेपी की कार्यकारिणी घोषित

## लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी समेत 4 महामंत्री, 9 उपाध्यक्ष; आशीष अग्रवाल दोबारा मीडिया प्रभारी बने

**भोपाल।** एमपी बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की टीम का ऐलान हो गया है। गुरुवार को भाजपा केंद्रीय मुख्यालय से सूची जारी की गई है। टीम हेमंत में लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, गौरव रणदिवे और राहुल कोठारी बने प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। खंडेलवाल के अध्यक्ष बनने के 3 महीने 21 दिन बाद टीम घोषित की गई है। मौजूदा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल को दोबारा मौका दिया गया है। अग्रवाल को विधानसभा चुनाव से पहले लोकेंद्र पाराशर को हटाकर जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रीवा संभाग के संगठन मंत्री रहे श्याम महाजन को प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाया गया है। अखिलेश जैन कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। चार मोर्चों के अध्यक्ष भी बदले गए हैं।




**टीम हेमंत में 9 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 9 मंत्री**

| नाम | पद |
|---|---|
| रणबीर | रावत उपाध्यक्ष (पहले महामंत्री रहे) |
| कांतदेव सिंह | उपाध्यक्ष (पहले भी उपाध्यक्ष रहे) |
| प्रभुराम चौधरी | उपाध्यक्ष |
| शैलेंद्र बरुआ | उपाध्यक्ष |
| मनीषा सिंह | उपाध्यक्ष (पहले प्रदेश मंत्री रहीं) |
| नंदिता पाठक | उपाध्यक्ष |
| सुरेंद्र शर्मा | उपाध्यक्ष |
| निशांत खरे | उपाध्यक्ष |
| प्रभुलाल जाटव | उपाध्यक्ष |
| लता वानखेड़े | महामंत्री (पहले प्रदेश मंत्री रहीं) |
| सुमेर सोलंकी | महामंत्री |
| राहुल कोठारी | महामंत्री (पहले प्रदेश मंत्री रहे) |
| गौरव रणदिवे | महामंत्री |
| रजनीश अग्रवाल | मंत्री (पहले भी मंत्री रहे) |
| लोकेंद्र पाराशर | मंत्री (पहले भी मंत्री रहे) |
| जयदीप पटेल | मंत्री (पहले भी मंत्री रहे) |
| क्षितिज भट्ट | मंत्री (पहले भी मंत्री रहे) |
| संगीता सोनी | मंत्री |
| राजेंद्र सिंह | मंत्री |
| अर्चना सिंह | मंत्री |
| राजो मालवीय | मंत्री |
| बबीता परमार | मंत्री |
| अखिलेश जैन | कोषाध्यक्ष (पद पर यथावत) |
| श्याम महाजन | कार्यालय मंत्री (पहले उपाध्यक्ष रहे) |
| आशीष उषा अग्रवाल | मीडिया प्रभारी (पद पर यथावत) |

रणबीर रावत महामंत्री से उपाध्यक्ष बने







पत्थर से कुचला सिर, पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को दबोचा

# मंडला के सालहेघोरी में तंत्र-मंत्र की शंका में हत्या

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के घुघरी थाना क्षेत्र के सालहेघोरी गांव में 21 अक्टूबर मंगलवार की रात तंत्र-मंत्र की शंका में 48 वर्षीय सेवकराम मलगाम की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही घुघरी पुलिस सक्रिय हुई और कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक सेवकराम मलगाम का शव उसके घर से कुछ दूरी पर एक पत्थर की मेड़ के पास मिला। थाना प्रभारी पूजा बघेल के मुताबिक, छानबीन के बाद पुलिस ने सालहेघोरी निवासी 38 वर्षीय पहल सिंह पिता रामदयाल उईके को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी पहल सिंह उईके ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसे सेवकराम पर तंत्र-मंत्र करने का शक था। इसी शंका के चलते उसने पत्थर से सिर कुचलकर सेवकराम की हत्या की। पुलिस ने आरोपी के बयान और साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी पूजा बघेल ने बताया कि आरोपी पहल सिंह उईके को शक था कि सेवकराम जादू-टोना करता है, जिससे वह कुछ वर्षों से परेशान था। इसी वजह से उसने यह हत्या की। आरोपी को 23 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## घुघरी के ग्वारा में पारिवारिक विवादः जीजा ने साले पर बके से किया जानलेवा हमला, साला गंभीर घायल



जिले के घुघरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्वारा में पारिवारिक विवाद के चलते एक जीजा ने अपने साले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे साला गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना आज 23 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12 बजे घटी। जानकारी के मुताबिक, रामचरण पिता उदल मरावी (निवासी कांसखेड़ा, थाना बम्हनी, जिला मंडला) अपनी बहन के घर ग्वारा आए हुए थे। इसी दौरान, उनका उनके जीजा महेंद्र पिता कन्हैया कुम्हरे (निवासी ग्वारा, थाना घुघरी) के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया।विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और जीजा महेंद्र कुम्हरे ने रामचरण पर धारदार बका से हमला कर दिया। इस हमले में रामचरण को गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही, पुलिस ने 112 की सहायता से तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर घायल रामचरण मरावी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी पहुंचाया। अस्पताल में उनका इलाज जारी है।घुघरी पुलिस ने इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तहसीलदार सीके बट्टे भी जांच कर रहे हैं और घटना के विस्तृत कारणों की जांच की जा रही है।



लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने "समाधान ऑनलाइन" की समीक्षा की

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ह्लसमाधान ऑनलाइनह्व के चयनित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को नागरिकों से संबंधित लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मण्डला जिले से एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकचेला, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी ऑनलाइन बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि शासन स्तर पर प्राप्त समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो, ताकि जनता को राहत मिले और व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ हो।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके का मंडला आगमन आज



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 24 अक्टूबर को प्रातः 5:40 बजे जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगी तथा प्रातः 7:30 बजे मंडला पहुंचेंगी।

# 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

### जड़ी-बूटी के बहाने जंगल ले गया था, रोने की आवाज सुन ग्रामीणों ने बचाया

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले में एक 22 वर्षीय युवक ने 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया। हिरदेनगर पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी गोलू उर्फ नरेंद्र वरकडे को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। यह घटना 21 अक्टूबर को दोपहर में हुई। आरोपी बच्ची को जड़ी-बूटी तोड़ने के बहाने गांव के पास के जंगल में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जंगल में मवेशी चरा रहे दो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को भगा दिया और घायल बच्ची को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया। परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी गई। बच्ची के परिजनों ने तुरंत हिरदेनगर पुलिस



चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गांव में आरोपी की तलाश शुरू की, लेकिन वह घर से फरार होकर जंगल में छिपा था। पुलिस टीम ने रात में उसे गिरफ्तार कर लिया। 22 अक्टूबर को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला भारतीय दंड संहिता की दुष्कर्म संबंधी धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि थाना महाराजपुर के अंतर्गत हिरदेनगर चौकी में पीड़िता के परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर जंगल ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया था, जिसे ग्रामीणों ने बचा लिया। शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

कार्यप्रणाली, पेंडिंग मामलों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# मंडला एसपी पहुंचे नक्सल प्रभावित मवई और बिछिया थाने

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित मवई और बिछिया थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने दोनों थानों की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों और समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने माइक्रो बीट सिस्टम पुस्तिका की समीक्षा की। उन्होंने बीट प्रभारियों को पुस्तिका का प्रभावी उपयोग करने, क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज करने और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।**

एसपी ने यह भी कहा कि छोटी-छोटी सूचनाओं को भी समय पर दर्ज कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए, जिससे अपराध नियंत्रण में अधिक प्रभावशीलता लाई जा सके। एसपी ने पुलिस



बल की संख्या और उनके कार्य विभाजन की जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मवई क्षेत्र में एक गंभीर अपराध के घटना स्थल का भी निरीक्षण किया। जांच अधिकारियों को वैज्ञानिक तरीके से 'अपराध दृश्य' (Crime Sce»»fe) को सुरक्षित रखने, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता बढ़ाने और फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मालखाना और जब्त वाहनों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने मालखाना रिकॉर्ड मेंटेनेंस, सामग्री की सुरक्षा और कोर्ट से संबंधित जब्त/लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लंबित मर्ग और सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित प्रकरणों की जांच त्वरित गति से पूरी कर चालान शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने और यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अंत में एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रूम के रखरखाव और शिकायत निवारण प्रणाली पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए और सभी लंबित मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बिना जी एस टी के लग रहे बिल न दिनांक का पता और न ही कटौती








**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला जिले में फर्जी बिलों का गोरखधंधा आज भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है, आज जिले की भी पंचायत के पंचायत दर्पण पोर्टल को खोल कर आसानी से देखा जा सकता है की कौन सी पंचायत कब क्या क्रय किया है किसका बिल लगता वह सही है या नहीं कितना भुगतान किया है कोन से कार्य कहा चल रहें है ये सब आसानी से मोबाइल पर ही देखा जा सकता पर ये जिला प्रशासन को नजर नही आ रहा है और न ही जनपद पंचायत में बैठे अधिकारी कर्मचारियों को सब नजर आ रहा है! मंडला जिले में जहाँ देखो वहाँ पर एक ही कानून नजर आ रहा है भ्रष्टाचार सरकारी धन की लूट और रिसवतखोरी आम हो चली है जाँच के नाम पर केवल खानापूर्ति ही दिखाई पड़ रही है जहां देखो जिस पंचायत में देखो वहाँ पर शासकीय राशि का बंदरबांट सरपंच सचिव बेखौफ तरीके से आज भी कर रहे हैं सरकरी धन में लूट मचा रखी हुई है और लोगो को मिलने वाली मुलभूत सुविधाओं को निगल रहें है और ये सब चुप चाप जिला प्रशासन देख रहा है। वही सूत्रो से प्राप्त ऐसा ही मामला तहसील मुख्यालय घुघरी की ग्राम पंचायत परसवाह का है जहां पर न दुकान का पता है और न बिल में जी एस टी का फिर भी बेखौफ तरीके से शासकीय पोर्टल में बिल लगाकर फजीबाड़ा चल रहा है और शासकीय राशि का बंदरबांट बेखौफ तरीके से चल रहा है जिसको लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका तक लगाई जा चुकी है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी केवल अपना निजी स्वार्थ ही देख रहे हैं, और फर्जी बाड़ा आज भी जारी है और कार्रवाई शून्य है।

**आखिर कौन करेगा कार्रवाई और शासकीय राशि की लूट कब बंद होगी–** वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पूसाम ट्रेडर्स की कहीं कोई दुकानहीं है लेकिन सरकारी काम में केवल उनके ही बिल बाउचर देखने मिल जायेंगे और दूसरे भी बिल देखने मिल जायेंगे जिनका न जी एस टी नंबर है और न दुकान का अता पता फिर भी बेखौफ तरीके से शासकीय राशि का बंदरबांट सचिव की मर्जी से बेखौफ चल रहा है जिसकी कितनी ही बार शिकायत की गई पर कार्रवाई आज तक नहीं हुई!

# मालवाहक वाहन की टक्कर से सवारी ऑटो पलटा

### मंडला की राजीव कॉलोनी के पास हादसा; यात्री न होने से जनहानि टली



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला शहर के राजीव कॉलोनी झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामने गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। पॉलिटेक्निक की ओर से आ रहे एक मालवाहक ऑटो ने सामने से आ रहे सवारी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे सवारी ऑटो पलट गया। गनीमत रही कि उस समय सवारी ऑटो में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मालवाहक ऑटो तेज रफ्तार में था। टक्कर इतनी भीषण थी कि सवारी ऑटो सड़क पर पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए।

### चालक को हल्की चोट

सवारी ऑटो के चालक जगत सिंह तेकाम (60 वर्ष), निवासी मंडला, को हल्की चोटें आईं, लेकिन वे सुरक्षित बच गए। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यदि सवारी ऑटो में यात्री होते, तो यह दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि मालवाहक ऑटो चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके पर मौजूद रहे और आपसी समझौते की बात करने लगे। खबर लिखे जाने तक इस घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। सवारी ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मालवाहक ऑटो के चालक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# गली-गली में बिक रहा दूध गुणवत्ता और मात्रा दोनों में अधूरा, विभागीय कार्यवाही नदारद

रेवांचल टाइम्स फॉलोअप

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। दूध वाले लोगों के लूटने में कोई कसर नही छोड़ रहे है और कहि न कही इन्हें जिम्मेदार विभाग का संरक्षण प्राप्त है जहाँ पर न कभी इनकी जाँच होती है और नही कोई रेख देख करने वाला है कितनी मात्रा में दूध गुणवत्ता युक्त है। विभाग की अनदेखी के चलते लोगो का बुरा हाल है वही दुग्ध केवल एक पेय पदार्थ नही है यह हर लोंगो का अभिन्न हिस्सा है बच्चों की सेहत बुजुर्गों की जरूरत और हर घर मे रोजमर्रा की जरूरत है दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है। यह हर उम्र के व्यक्ति के लिए आवश्यक पोषण का स्रोत है। लेकिन जब यही दूध बिना गुणवत्ता की जांच, बिना मात्रा की नाप–तोल और बिना किसी सरकारी नियंत्रण के गली गली,मोहल्ले-मोहल्ले फेरी लगाकर बेचा जाए, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि इन फेरीवालों पर खाद्य विभाग या जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। न तो दूध की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, और न ही नापतौल की।

### फेरीवालों के दूध का स्रोत संदिग्ध

वही शहर और कस्बों की गलियों में सुबह–सुबह दूध बेचने वाले फेरीवालों की संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ये साइकिल, मोटरसाइकिल, में दूध लेकर आते हैं और स्थानीय निवासियों को दरवाजे पर जाकर दूध बेचते हैं। अधिकांश लोग सुविधा और सस्ती कीमत के कारण इनसे दूध खरीद लेते हैं, लेकिन इस दूध की न तो कोई क्वालिटी जांच होती है और न ही इसकी उत्पत्ति का कोई रिकॉर्ड मौजूद होता है। कई



मामलों में यह दूध पास के गांवों से आता है जहाँ उत्पादन के समय उसमें पानी, या अन्य रसायनों की मिलावट कर दी जाती है। कभी–कभी पुराना दूध दोबारा गर्म कर के ताजा बताकर बेचा जाता है।

### नापतौल की खुली लूट

वही एक और गंभीर समस्या है नापतौल की धोखाधड़ी। अधिकतर फेरीवाले 1 लीटर कहकर 800 से 900 मिली ग्राम दूध ही देते हैं। ना तो इनके पास किसी प्रकार की प्रमाणित मापक होती है, और ना ही ग्राहक कभी इसकी जांच करते हैं।" ऐसे कई उदाहरण हैं जहाँ ग्राहकों को रोजाना के आधार पर नापतौल में धोखा दिया जा रहा है, जिससे साल भर में हजारों रुपये की चपत लगती है।

### प्रशासन और खाद्य विभाग की चुप्पी

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग, नापतौल विभाग और जिम्मेदार संस्थाएं पूरी तरह मौन हैं। किसी प्रकार की नियमित जांच नहीं होती, न ही कोई लाइसेंस की जांच की जाती है। दूध बेचने वालों से न तो ऋरअकरजिस्ट्रेशन मांगा जाता है, और न ही दूध की शुद्धता का कोई प्रमाण पत्र। कई बार जनता द्वारा शिकायत करने पर भी विभाग या तो बहाना बना देता है या "जांच की जाएगी" कहकर मामले को रफा–दफा कर देता है।

### जनता की मजबूरी या लापरवाही?

बहुत से लोग मानते हैं कि फेरीवाला दूध ताजा होता है और ह्लब्रांडेड दूध कंपनियां केमिकल डालती हैंह्व। इसी सोच के चलते वे गुणवत्ता और नापतौल की जांच करने की जरूरत महसूस ही नहीं करते। यह सोच न केवल उन्हें वित्तीय नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि उनकी और उनके बच्चों की सेहत पर भी गंभीर असर डाल रही है। "फेरीवालों द्वारा बेचा जाने वाला दूध बिना किसी जांच के होता है। यह न केवल मिलावटी हो सकता है, बल्कि संक्रमण युक्त भी हो सकता है। ऐसे दूध से बच्चों में दस्त, उल्टी, कमजोरी, और लंबे समय में किडनी व लिवर से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।" वही नापतौल विभाग की ओर से मापक यंत्रों की प्रमाणिकता अनिवार्य है। लेकिन गली–गली दूध बेचने वालों में से 90% इन मानकों का पालन नहीं करते। प्रशासनिक स्तर पर फेरीवालों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए।खुले दूध की गुणवत्ता की नियमित जांच हो।नापतौल विभाग द्वारा हर 6 महीने में मापक यंत्रों की जांच अनिवार्य हो।मिलावटी दूध बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई, जुमार्ना का प्रावधान हो। प्रशासन की चुप्पी इस अपराध की मौन स्वीकृति। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो न केवल जनता की सेहत से खिलवाड़ होता रहेगा, बल्कि लोगों का भरोसा भी खाद्य व्यवस्था से उठ जाएगा।




# जुआड़ियों के खिलाफ जिले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही, 44 आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने बिजुरी, जैतहरी, भालूमाड़ा, चचाई व फुनगा में मारा छापा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले की पुलिस ने जुआं फड़ो में छापा मारकर 44 जुआड़ियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बिजुरी पुलिस द्वारा तीन अवैध जुआ फड में रेड कार्यवाही की गई। पडरीपानी में ताश के पत्तों के साथ आपस मे रुपये पैसों का दाव लगाकर हार जीत की बाजी से जुंआ खेल रहे हैं। 4 आरोपी सभी निवासी वार्ड क्र. 08 पडरीपानी बिजुरी को जुंआ खेलते पकड़ा गए तथा उनके जुंआ फड़ एवं पास से 530 रुपये नगदी तास के 52 पत्ते गवाहों के समक्ष जप्त किया। ग्राम बेलगांव में 8 जुआड़ी जुआं खेल रहे थे।सभी निवासी बेलगांव को जुंआ खेलते पकड़ा गया तथा उनके जुंआ फड़ एवं पास से 2140 रुपये नगदी तास के 52 पत्ते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। ग्राम कोरजा के जंगल में महुआ के पेड के नीचे 7 जुआड़ी जुआं खेल रहे हैं। सभी निवासी वार्ड क्र. 13 कोरजा थाना बिजुरी को जुंआ खेलते पकड़ा गया तथा उनके जुंआ फड़ एवं पास से 1150 रुपये नगदी, तास के 52 पत्ते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। थाना जैतहरी पंचौहा में 3 व्यक्ति जुआं खेल रहे थे। जिनके पास से एवं फड से कुल नगदी 1050/ रुपये एवं ताश के 52 पत्ते मिले जिसे धारा 13 जुआं एक्ट के तहत विधिवत जप्त कर उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध मौके की कार्यवाही किया। वही थाना के पीछे तालाब के पास पीपल पेड़ के नीचे जैतहरी में 4 जुआंड़ी को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास एवं फड से कुल नगदी 800/ रुपये एवं 52 ताश के पत्ते मिले। ग्राम मनौरा बालक छात्रावास के सामने 6 व्यक्तियों को जुआं खेलतें पकड़ा गया जिनके पास एवं फड से कुल नगदी 2200/ रुपये ताश के पत्ते जप्त किए। थाना भालूमाड़ा क्षेत्रान्तर्गत अलग अलग स्थानों पर चल रहे जुआडियों के जुआ फड पर पुलिस टीम ने रात्रि ग्राम लतार एवं पयारी नम्बर 1 चौकी फुनगा में चले रहे जुआडियों के तीन अलग अलग जुआ फड में रेड कार्यवाही 4 आरोपी सभी निवासी लतार को गिरफ्तार कर कुल नगदी रकम 6690 रुपये जप्त किया गया है तथा आरोपीगणों के विरूद्ध क्रमशः अपराध क्रमांक 460/25, 461/25, 462/25 धारा 13 जुआ एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। वही फुनगा चौकी के अंतर्गत 8 आरोपी सभी निवासी पयारी नं. 01 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के थाना चचाई क्षेत्रान्तर्गत अलग अलग स्थानों पर खेल रहे जुआडियों पर ग्राम बकेही में रेड कार्यवाही कर 4 आरोपी सभी निवासी बकेही थाना चचाई के पास एवं फड से नगदी कुल 3710/- एवं तीन नग मोबाइल एक मोटरसाइकिल कुल कीमती 96710 रुपए एवं 52 तास के पत्ते तथा ग्राम कैल्हौरी में रेड कार्रवाई कर 3 आरोपी निवासी कैल्हौरी थाना चचाई के पास व फंड से नगदी 1960/- रुपए एवं 52 तास के पत्ते जप्त किए। पुलिस ने सभी मामलों में 13 जुंआ एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

# कॉलोनी में दिखा जंगली भालू, क्षेत्र में लोगो के बीच दहशत का माहौल, वन विभाग अलर्ट पर




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के गोविंदा कालोनी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित गोविंदा कॉलोनी में 22 अक्टूबर की सुबह एक जंगली भालू के देखे जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। भालू के दिखाई देने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र कोतमा के कल्याणपुर बीट पर भालू को सुबह न्यू बी टाइप कॉलोनी और पुरानी डबल स्टोरी कॉलोनी क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया। बताया जा रहा है कि भालू शिकार या भोजन की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में पहुंच गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह कुछ देर बाद गोविंदा नर्सरी के आसपास भी घूमता नजर आया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत इस घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू की खोज व पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल टीम कोतमा और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही है। नगर के लोगों में इस घटना के बाद भय का माहौल है। वन विभाग एवं प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि शाम के समय घरों से बाहर न निकलें और अंधेरे या सुनसान इलाकों में जाने से बचें। वन विभाग ने कहा है कि जब तक भालू को पकड़ा नहीं जाता, तब तक नागरिक विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को गोविंदा नर्सरी व जंगल क्षेत्र से दूर रखें। वन विभाग की टीम ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया जाएगा और भालू को सुरक्षित रूप से वन क्षेत्र में वापस भेज दिया जाएगा।

# पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से रेत माफियाओं का आतंक, शासन को लगा रहे करोड़ों का चूना



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के कोतमा क्षेत्र में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-दहाड़े अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल खुलेआम खेल रहे हैं, जिससे पुलिस-प्रशासन एवं खनिज विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम देवगंवा और झुलानिया घाट क्षेत्रों में रेत माफियाओं का साम्राज्य फल-फूल रहा है। ?ग्राम देवगंवा के आसपास नदियों और नालों पर ट्रैक्टरों के जरिए अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन बेखौफ जारी है। इस अवैध कारोबार के केंद्र में कथित तौर पर 'शुभम' नामक एक रेत माफिया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि उसे पुलिस प्रशासन एवं खनिज विभाग का कोई डर नहीं है। वह निडर होकर अवैध कारोबार कर रहा है, जिससे सरकारी राजस्व को भारी चूना लग रहा है और वह स्वयं मालामाल हो रहा है। ?एक चौंकाने वाली घटना में, रेत माफिया शुभम को अवैध रेत चोरी कर रहे ट्रैक्टरों के परिवहन के दौरान स्वयं स्कूटर पर सुरक्षा देते हुए देखा गया। यह दृश्य पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को दशार्ता है, जो कि सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है क्योंकि पुलिस की गाड़ी रेत माफिया के पीछे होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन रेत माफियाओं के सामने नतमस्तक है। ?झुलानिया घाट क्षेत्र में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। यहाँ 'कोतमा/झुलानिया घाट क्षेत्र में इन दिनों रेत माफियाओं के हौसले बुलंद' हैं। रात-दिन ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध उत्खनन और परिवहन का धंधा खुलेआम चल रहा है। स्थानीय पुलिस की आँखों के सामने रेत माफियाओं का साम्राज्य तेजी से विस्तार कर रहा है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह अवैध कारोबार पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा है।

# मां मनोकामना को दी गई विदाई, उत्साह व उमंग के साथ की गई पूजा अर्चना, धूमधाम से निकाली झांकी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** मां मनोकामना की स्थापना 19 अक्टूबर 2025 को राम जानकी मंदिर के पास बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ की गई।प्रतिदिन पूजा,अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 22 अक्टूबर 2025 को भींगी आंखों से मां मनोकामना को विदाई दी गई। झांकी पूरे शहर में भ्रमण कर श्री दुर्गा मंदिर मढ़िया प्रांगण में स्थित तालाब में विदाई दी गई। मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें प्रमुख रूप से 19 अक्टूबर 2025 दिन रविवार बाजे गाजे के साथ मां का भव्य आगमन राम जानकी मंदिर अनूपपुर वार्ड क्रमांक 04 में हुआ। मां काली की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन किया गया। तीसरे भव्य कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, उसके बाद भव्य एवं दिव्य प्रसिद्ध महा आरती एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया। 56 भोग एवं भक्ति एवं ममता मयी भजनों के साथ मां की आराधना एवं



देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। 22 अक्टूबर 2025 प्रातः सिंदूर रश्म के पश्चात शाम को मां मनोकामना की झांकी पूरे शहर में भ्रमण की एवं भींगी आंखों से विदाई दी गई। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष मां मनोकामना का छठवें वर्ष में प्रवेश हुआ था। मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।जिन्होंने प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया।मां मनोकामना की सेवा एवं आराधना की।उन्होंने कहा कि सभी नगर वासियों का हमारी समिति को भरपूर स्नेह प्रेम एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। मां मनोकामना की कृपा एवं आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।माता रानी सभी के कष्टों को हरे एवं सभी का भंडार भरे। मां मनोकामना की विदाई पर शहर की सड़कों को फूल पत्तों से सजाया गया जिस पर से मां मनोकामना की दिव्य एवं आकर्षक झांकी शहर भ्रमण करने के लिए निकली।इस अवसर पर काफी संख्या में नगर के मनोकामना के साथ-साथ चल रहे थे।

# ज्वालामुखी मंदिर के मामले में हाई कोर्ट ने सहायक पंजीयक को जांच व दस्तावेज जमा करने के दिए आदेश

## पूर्व अध्यक्ष 18 वर्ष का एक साथ जमा कराए मंदिर का दस्तावेज



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के धनपुरी नगर में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर से जुड़े हिन्दू जन जागरण समिति व समिति के द्वारा विगत पिछले वर्षों वर्ष 2007 से वर्ष 2015 के कार्य काल में तत्कालीन समिति के द्वारा विधिविरुद्ध किये गये कार्यों को लेकर है जिसमें हर वर्ष सहायक पंजीयक रीवा के कार्यालय में जमा किये जाने वाले दस्तावेजों से जुड़ा है उक्त वषों में जमा किया गया, पूरा दस्तावेज धारा 27 व 28 की जानकारी मनगढ़ंत व भ्रामक है, महेंद्र सिंह पवार ने जव उक्त वषों का लेखा जोखा मांगा तो विवाद शुरू हो गया। सोसायटी एक्ट के तहत, समिति को हर वर्ष रजिस्ट्रार कार्यालय रीवा में धारा 27 व 28 की जानकारी चार्टेड एकाउंटेंट से आडिट करवा कर जमा करना चाहिए ,हर वर्ष रजिस्ट्रार के यहां वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2010 तक उसके बाद वर्ष 2010 से लेकर वर्ष 2015, तक जानकारी जमा क्यों नहीं किया गया। महेंद्र सिंह पवार के (दिनांक - 09 सितम्बर 2022) अध्यक्ष बनने और महेंद्र सिंह द्वारा समिति के दस्तावेज, रिकार्ड मांगने पर निवृत मान अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने तो जो उनके पास रिकॉर्ड और चार्टेड एकाउंटेंट से आडिट करवाये, दस्तावेज महेंद्र सिंह को दे दिया गया और बताया गया कि बाकी दस्तावेज और रिकॉर्ड पूर्व अध्यक्ष के पास है, उक्त दस्तावेज पूर्व अध्यक्ष से लेने को कहा। परन्तु वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2015 तक का कोई भी रिकॉर्ड और पुष्पेन्द्र सिंह के भी कोई रिकॉर्ड और दस्तावेज किसी भी पूर्व अध्यक्ष ने महेंद्र सिंह को नहीं दिया, रिकॉर्ड और दस्तावेज देने में टालमटोल करते रहे,और समिति को लेकर विवाद पैदा करने लगे। अचानक पूर्व अध्यक्ष द्वारा-20 अक्टूबर 2022 को पन्द्रह वर्ष का रिकॉर्ड और बिना चार्टेड एकाउंटेंट से आडिट करवाये विना वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2019 तक का बनावटी आडिट रिपोर्ट और वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2022 और वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक का स्वयं को अध्यक्ष बनकर रिकार्ड रीवा में जमा करवा दिया गया,सवाल यह है कि हर साल जो रिकार्ड और दस्तावेज रीवा में जमा करवाना चाहिए क्यों जमा नहीं करवाया गया, महेंद्र सिंह द्वारा रिकार्ड और दस्तावेज मांगे जाने पर महेंद्र सिंह और जनता को रिकॉर्ड और दस्तावेज दिखाया क्यों नहीं गया, महेंद्र सिंह पवार के अध्यक्ष बनने और उनके द्वारा रिकार्ड और दस्तावेज मांगने पर अचानक सहायक पंजीयक रीवा के कार्यालय में एक मुश्त अठारह साल (18) का रिकॉर्ड क्यों जमा कर आये। महेंद्र सिंह ने कहा की सच्चाई को जनता के सामने लाने के लिए,और समिती व मन्दिर में गलत कार्य करने वालो को न्याय मिलने तक छोडूंगा नहीं, उसके लिए मुझे चौथी बार भी उच्च न्यायालय जबलपुर में जाना पड़ा तो जाऊंगा,यह निर्णय हिन्दू जन जागरण समिति धनपुरी ने एक मत से लिया है। उपरोक्त प्रकरण में उच्च न्यायालय जबलपुर ने जांच हेतु आदेशित किया है, उसी परिपेक्ष्य में सहायक पंजीयक ने दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को जांच और दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया है।

# ओपीएम में दीपावली मिलन समारोह हुआ संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** ओरिएंट पेपर मिल कागज उद्योग में हर्षोल्लास के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्रमिक कर्मचारीयों ने अपनी सहभागिता निभाई यह आयोजन कई वर्षों से निरंतर होता आ रहा है यह आयोजन ओरिएंट पेपर मिल सी,ओ, चंद्रशेखर काशिकर के बंगले में किया गया सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की श्रमिक यूनियनों के पदाधिकारी, उद्योग के अधिकारी बंधु उपस्थित रहे। चंद्रशेखर ने सभी कर्मचारी बांधों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, उन्होंने कहा कि कर्मचारीयों के सहयोग से ही आज पूरे विश्व में कागज की गुणवत्ता के लिए ओरिएंट पेपर मिल जाना जा रहा है, आज पेपर मिल स्वालंबी है, आज हमारी उत्पादन क्षमता भी बढ़ी है, यहां का समाज भी हमें भरपूर सहयोग कर रहा है, किसान बंधु भी हमसे आज जुड़ कर के आर्थिक प्रगति में अग्रसर है, जो किसान हमें लकड़ी बॉस लाकर देते हैं, उनकी पेमेंट हम 24 घंटे के अंदर उनके खाते में डाल देते हैं, किसान को किसी प्रकार से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## कॉलरी कर्मचारी के हत्या मामले में, 3 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत रात में पटाखा फोडने की बात पर उपजे विवाद मे कालरी कर्मी की हत्या के तीनो आरोपियों को हिरासत मे ले लिये जाने से स्थिति अब शांतिपूर्ण और नियंत्रण मे है। एसडीओपी पाली शिवचरण बोहित ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों सुशील सोनी, उसके पुत्र रोहित व कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों पर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है। गौरतलब है कि नगर के वार्ड क्रमांक 8 मे मंगलवार की रात एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया था। बताया जाता है कि कुदरी खदान मे कार्यरत छठ कुमार रात मे ड्यूटी से लौटे थे।

# सोनी लॉज में चल रहा है अवैध गतिविधियां, यहाँ पर चलता है कपल मिलन समारोह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के चचाई थाना अंतर्गत चचाई अमलाई रोड में स्थित सोनी लॉज में चल रहा है संबंध बनाने का कारोबार, यहां कपल मिलन समारोह किया जाता है, कपल मिलन समारोह में बाहर बाहर से युगल जोड़े आते हैं, जैसे अनूपपुर, अमलाई, बुढ़ार, शहडोल, और आसपास के क्षेत्र के लोग अपने अपने प्रेमी के साथ या यूं कहें युगल जोड़े के साथ आते हैं और सोनी लाज में कमरा बुक करते हैं, कमरा बुक करने का एक फोन नंबर है, उस फोन नंबर में जब आप फोन लगाएंगे तो आपको कमरा बड़े ही आसानी से कमरे की बुकिंग हो जाती है, यहां आने वाले कपल इस प्रकार हैं जैसे स्कूल से निकले हुए बच्चे, कॉलेज में पढ़ने गए हुए बच्चे और भी कुछ लोगों को आसपास के लोगों के द्वारा देखा गया है, आप यहां आइए और कपल मिलन समारोह कीजिए और बड़े ही प्रेम पूर्वक चले जाइए, इसकी जानकारी जब हमने थाने में फोन कर इस मामले को लेकर बात करनी चाही तो फोन किसी ने रिसीव नहीं किया, चचाई थाना अंतर्गत सोनी लाज में गलत तरीके से लोग जाते हैं। गेट के अंदर तीन चार कमरे बने हुए हैं, वहां दो से तीन घंटे व्यतीत करते हैं और चले जाते है, लॉज के बारे में यह जानकारी मिली है कि इस लॉज का किसी भी प्रकार का कोई भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है और ना ही इसकी जानकारी किसी थाने में दर्ज है। लॉज में अवैध तरीके की गतिविधियां देखी जाती हैं, जिससे यहां के आसपास के लोग परेशान हैं, आसपास के लोगों का कहना है कि हमें कोई मतलब नहीं है यह क्या करते हैं, क्या नहीं करते हैं, हमको कोई लेना देना नहीं है, इस लॉज में गलत गतिविधियां कई बार देखी गई इससे पहले भी एक घटना चार-पांच महीने पहले अनूपपुर से एक जोड़ा प्रेमी युगल आया था, उस प्रेमी युगल में एक लड़की का भाई लॉज के बाहर ताक लगाए बैठा था कि लड़की का प्रेमी और उस लड़की का भाई आपस के बीच खूब झगड़ा हुआ, फिर इस मामले को दो पुलिस वालों ने आकर समझौता करा कर भगा दिया।

# हर कॉल के बाद झूठा दावा करने वाले ट्रंप से क्या मोदी को आसियान सम्मेलन में मिलना चाहिए?



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जिसने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि यह भी दिखाया है कि वाशिंगटन की राजनीति में भारत का उल्लेख प्रायः घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह के दौरान दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा, मोदी ने बताया है कि भारत अब रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। वे भी चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध समाप्त हो। वहीं बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्यह्यराष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन करने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस पर्व पर दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें। गौर करने वाली बात यह है कि मोदी और ट्रंप के बीच 16 सितंबर के बाद से फोन पर हुई यह तीसरी बातचीत है जिसकी सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक जानकारी में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी कोई बात नहीं कही है जिससे यह प्रदर्शित होता हो कि रूसी तेल को लेकर दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत हुई तो वहीं ट्रंप ने अपने बयान में रूसी तेल खरीद को लेकर फिर से अपना पुराना दावा दोहरा दिया है।

हम आपको बता दें कि मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। देखा जाये तो यह दावा न तो भारत सरकार की किसी आधिकारिक घोषणा में परिलक्षित होता है और न ही वैश्विक तेल बाजार के आँकड़े इसे पुष्ट करते हैं। तेल व्यापार जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रूसी तेल खरीद में कोई विशेष कमी नहीं आई है; अधिकांश सौदे पहले से तय अनुबंधों के अंतर्गत चल रहे हैं।

देखा जाये तो ट्रंप के इस वक्तव्य के दो प्रमुख पहलू हैं– पहला, यह कि वह आश्वासन का दावा कर रहे हैं, जबकि भारत ने ऐसा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। दूसरा, ट्रंप ने खुद अपने पहले के दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि भारत पूरी तरह नहीं, काफी कम तेल खरीदेगा। यह बदलाव संकेत देता है कि या तो उन्हें पहले गलत जानकारी दी गई थी, या वे जानबूझकर ऐसी बातें करते हैं जो घरेलू राजनीतिक संदेशों के लिए उपयोगी हों।

दूसरी ओर, भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित से संचालित होती है और जब तक पश्चिमी प्रतिबंध भारत पर लागू नहीं हैं, वह सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ऐसे में ट्रंप के बयान का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं दिखता।

वैसे यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत का हवाला देते हुए भ्रामक या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा किया हो। ट्रंप की राजनीति में सुपर डीलमेकर की छवि बनाये रखना आवश्यक है। वह हर अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को एक बड़ी डील के रूप में प्रस्तुत करते हैं ताकि अमेरिकी मतदाताओं को लगे कि वह विश्व मंच पर अमेरिका फर्स्ट नीति को सफल बना रहे हैं। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ मित्रवत संबंध उनके लिए प्रचार का सबसे आसान माध्यम है– क्योंकि यहां का प्रवासी भारतीय समुदाय अमेरिकी चुनावी परिदृश्य में एक प्रभावशाली वर्ग बन चुका है।

उधर, प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह स्थिति नाजुक है। भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं– क्वॉड, इंडो-पैसिफिक और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश निकटता बढ़ा रहे हैं। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार ऐसे फजी या अधूरे दावे करते हैं जो भारत की संप्रभु नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, तो दिल्ली की प्रतिक्रिया केवल शालीन मौन तक सीमित नहीं रह सकती। भारत का विदेश मंत्रालय अब तक ट्रंप के बयानों पर नो कमेंट नीति अपनाता आया है, किंतु इससे यह जोखिम रहता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिकी दावा धीरे-धीरे स्वीकार्य धारणा बन सकता है। इसीलिए, भारत को स्पष्ट रूप से यह संकेत देना चाहिए कि ऊर्जा नीति या रूस से व्यापार जैसे निर्णय किसी बाहरी दबाव के अधीन नहीं लिए जाते।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रंप के ऐसे भ्रामक दावों के बीच मोदी का उनसे मिलना ठीक रहेगा? हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित भेंट अगले सप्ताह मलेशिया में होने वाले आसियान सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह बैठक औपचारिक रूप से तय नहीं है, किंतु अगर होती है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या मोदी को ऐसे नेता से मिलना चाहिए जो हर बार बातचीत को घरेलू प्रचार का हथियार बना देता है? देखा जाये तो कूटनीति में संबंध बनाए रखना और गरिमा बचाए रखना दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। भारत अमेरिका से संबंध तोड़ नहीं सकता– लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि वह किसी भी मंच पर अपनी नीति को सहभागी की तरह प्रस्तुत करे, उपसंहारक की तरह नहीं। मोदी सरकार को इस भेंट को औपचारिक संवाद के स्तर तक सीमित रखना चाहिए और किसी भी संयुक्त बयान में ऐसे शब्दों से बचना चाहिए जिन्हें ट्रंप बाद में अपने राजनीतिक लाभ के लिए तोड़-मरोड़ सकें।

इसमें कोई दो राय नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप की शैली त्वरित, आत्म-केन्द्रित और प्रचारमुखी है। वह हर वार्ता को शो में बदल देते हैं। भारत जैसे परिपक्व लोकतंत्र के लिए ऐसे प्रदर्शनों में भागीदार बनना न तो आवश्यक है, न लाभकारी। भारत को अपने हित में, अपने स्वर में और अपने तथ्यों के आधार पर बोलना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के दीपावली डिप्लोमेसी में शामिल होना तो ठीक है, पर उनके फर्जी तेल-सत्य के खेल में नहीं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी शक्ति वही होती है जो अपने शब्दों पर टिकी रह सके और भारत को यही दिखाना होगा कि उसकी नीतियाँ किसी ट्रंप टेलीफोन कॉल से नहीं, बल्कि उसकी अपनी ऊर्जा, रणनीति और आत्मविश्वास से संचालित होती हैं।

## संपादकीय

### सिर्फ नोबेल के युद्धविराम

गाजा में 10 दिन में ही युद्धविराम टूट गया, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि युद्धविराम नहीं टूटा है। इसी मानसिकता के साथ वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर युद्धविराम का दबाव डाल रहे हैं। बल्कि जेलेंस्की ने यूक्रेन के नक्शे वाला जो दस्तावेज राष्ट्रपति ट्रंप के सामने रखा था, उसे ट्रंप ने फाड़ दिया। इतना अहंकार! रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर 2 घंटे की जो लंबी बातचीत हुई थी, राष्ट्रपति ट्रंप उसे लेकर फुलफुला रहे थे, लिहाजा उन्होंने जेलेंस्की की सामरिक मदद करने से साफ इंकार कर दिया। विध्वंसक मिसाइल टॉमहॉक हासिल करने की जेलेंस्की की उम्मीदें, एक वातालर्लाप के साथ ही, ध्वस्त हो गईं। ट्रंप की भाषा में कहें, तो उन्होंने यूक्रेन को आत्मसमर्पण करने की नसीहत दी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की अपने देश के बचे-खुचे लोगों को क्या जवाब देंगे? यूक्रेन के 15-16 फीसदी क्षेत्र पर रूस का कब्जा है, क्या जेलेंस्की उसे जाने देंगे? पुतिन ने एक और झटका ट्रंप को दिया है। उन्होंने न जाने क्या कहा है कि व्हाइट हाउस को घोषणा करनी पड़ी कि हंगरी के बुडापेस्ट में ट्रंप-पुतिन की जो मुलाकात होनी थी, उसे रद्द कर दिया गया है। फिलहाल अगली मुलाकात अनिश्चित है। हालांकि बुडापेस्ट की प्रस्तावित मुलाकात पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आग्रह किया था कि उस बैठक में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। यूरोप और नाटो रूस के खिलाफ बड़े युद्ध की तैयारियां भी कर रहे हैं। बहरहाल संवाद और मुलाकात का यह अध्याय फिलहाल बंद हो गया है, लेकिन गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप का विरोधाभास आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि उनके शांति-प्रयास और समझौते तथा थोपे गए युद्धविराम सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार पाने के मद्देनजर ही हैं, लिहाजा वे सार्थक और दीर्घकालीन साबित नहीं हो पा रहे हैं। गाजा में करीब 65,000 लोग हताहत हो चुके हैं। शहर, स्कूल, अस्पताल लगभग खंडहर बने हैं। फिर न जाने क्या उकसाहट और उल्लंघन सामने आए कि इजरायल ने गाजा के एक स्कूल, हमास आतंकियों के ठिकानों, हथियार-डिपो और सुरंगों पर विनाशकारी हवाई हमले किए। एक बार फिर चारों ओर धुआं ही धुआं दिखाई दिया। ऐसी रपटें हैं कि इजरायल सेनाओं ने 24 घंटे में ही 153 टन बारूद का इस्तेमाल कर गाजा को दहला दिया। जहां ऐसा विनाश, विध्वंस और जंगी हालात हों, वहां युद्धविराम की कल्पना करना ही बेवकूफी है। न जाने किन आधारों पर राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि युद्धविराम अभी टूटा नहीं है। यह दावा ही हास्यास्पद् है। अमरीकी राष्ट्रपति शेष दुनिया को न जाने किस दृष्टि से देखना चाहते हैं। गाजा में युद्धविराम थोपा हुआ था। शायद इसीलिए वह बंधकों और कैदियों की आपसी रिहाई तक ही सीमित रहा! बाद में हमास ने भी कत्लेआम शुरू कर दिया और अब इजरायल की सेनाओं ने विनाशकारी हमला बोल दिया। कहा जा रहा है कि हमास ने 47 से अधिक उल्लंघन किए थे, लिहाजा इजरायली सेनाओं को लौट कर हमले करने पड़े। अमरीकी राष्ट्रपति ने भी हमास को चेतावनी दी है कि वे युद्धविराम को कबूल करें और शिद्दत से लागू करें, नहीं तो उन्हें मिटा दिया जाएगा। ऐसे स्वर और धमकियां क्या शांति-प्रयासों के हिस्से हो सकते हैं? यकीनन यह युद्ध की भाषा है। गाजा और रूस-यूक्रेन के अलावा, पाकिस्तान, तालिबान, बलूचिस्तान में गहरा तनाव पसरा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप इन इलाकों में संपूर्ण रूप से अप्रासंगिक हैं, लिहाजा हस्तक्षेप नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान तो अमरीका का पि्ू देश है, जहां आम सब्जियां 100-150 से 400-500 रुपए किलो के भाव बेची जा रही हैं। यहां अवाम में भरपूर गुस्सा और असंतोष है। लावा कभी भी फूट सकता है। इन तीनों ही इलाकों की बुनियादी संस्कृति कबीलाई है, लिहाजा वे एक-दूसरे को कभी भी मार सकते हैं। यहां शांति और स्थिरता की बहुत दरकार है, क्योंकि प्रकृति ने इन इलाकों को बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन ये फिर भी गरीब, फटेहाल हैं, क्योंकि उन संसाधनों का उचित तौर पर दोहन नहीं किया जा रहा। बुनियादी लड़ाई खनिजों पर कब्जे को लेकर है। मुक्ति, आजादी तो सतही जुमले हैं। यदि ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी ठोस और सशक्त करना चाहते हैं, तो शांति और युद्धविराम के प्रति ईमानदारी बरतें। वास्तविक अर्थों में युद्धविराम होना चाहिए। एक ओर शांति के लिए काम करने का दिखावा और दूसरी ओर युद्ध की धमकियां एक बड़ा विरोधाभास है।

## राशिफल

मेष राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, कार्ययोजना अवश्य ही बनेगी।

वृष राशि :- समय की अनुकूलता से लाभांवित होंगे, विवादग्रस्त होने से बचें, समय का ध्यान रखें।

मिथुन राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, इष्ट मित्र सुखप्रद रहें, विशेष कार्य अवश्य ही बनेंगे।

कर्क राशि :- स्वभाव में बेचैनी, मानसिक विघ्नता, शरीर क्षमता कमजोर पड़ेगी, ध्यान अवश्य रखें।

सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, कार्यवृत्ति में सुधार के योग बनेंगे, ध्यान रखें।

कन्या राशि :- समय पर सोचे हुए कार्य बनेंगे किन्तु कुछ बाधा विलम्ब संभव है।

तुला राशि :- मानसिक क्लेश व अशांति, मनोवृत्ति मलिन रहे, विरोधी तत्व परेशान करें।

वृश्चिक राशि :- आर्थिक योजना पूर्ण हो, सफलता के साधन जुटायें, कार्य संतोष की चिन्ता होगी।

धनु राशि :- योजना फलीभूत होगी, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, निश्चय पूर्ण होगा व कार्य बनेंगे।

मकर राशि :- इष्ट मित्रों से सुख-ऐश्वर्य की प्राप्ति, स्त्री-वर्ग से हर्ष, क्लेश तथा अशांति होगी।

कुम्भ राशि :- मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष एवं कार्य बनेंगे।

मीन राशि :- दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार, प्रत्येक कार्य में बाधा, उद्विघ्नता से अवश्य बचें।

# डेड स्किन की छुट्टी, बस 2 घरेलू नुस्खे और मिनटों में पाएं चांद सा चमकता चेहरा

अगर आप भी डेड स्किन की वजह से परेशान रहती हैं, तो बता दे कि आप कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर इस समस्या से राहत पा सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप डेड स्किन को कम कर सकती हैं।



अधिकतर लड़कियां डेड स्किन के कारण परेशान रहती हैं। वहीं इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाएं और लड़कियां कई उपाय भी करती हैं और महंगे-मंहगे प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप भी डेड स्किन की वजह से परेशान रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दे कि आप कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर इस समस्या से राहत पा सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप डेड स्किन को कम कर सकती हैं और इन नुस्खों का आपकी जेब पर भी असर नहीं पड़ेगा।

डेड स्किन ऐसे करें कम

ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप भी डेड स्किन के कारण परेशान रहती हैं, तो आप घर पर दो नुस्खे आजमाकर इस समस्या से निजात पा सकती है। यह दोनों नुस्खे अपनाकर आप अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। डेड स्किन को कम करने के लिए आप घर पर एक फेस पैक तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत होगी।

**फेस पैक की सामग्री** : एक बड़ा चम्मच बेसन, चुटकी भर हल्दी, एलोवेरा जेल, मलाई

### ऐसे बनाएं फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच बेसन लें। फिर इसमें चुटकी भर हल्दी, मलाई और एलोवेरा जेल मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें। अब इस फेस पैक को चेहरे पर 30 मिनट के लिए अप्लाई करें। जब यह सूख जाए तो चेहरा धो लें।

### होममेड टोनर

आप रोजाना रात में सोने से पहले एक खास होममेड टोनर लगा सकती हैं। इस टोनर को आप आसानी से घर पर बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसको बनाना काफी आसान है। इस टोनर को बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत होगी।


**टोनर सामग्री** : ग्लिसरीन, आलू, गुलाब जल, विटामिन ई कैप्सूल

### ऐसे बनाएं टोनर

इस टोनर को बनाने के लिए सबसे पहले आलू को कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें। अब इस रस को कटोरी में निकालकर इसमें थोड़ी सी ग्लिसरीन, गुलाबजल और विटामिन ई कैप्सूल मिलाएं। फिर इस होममेड टोनर को रोजाना रात में सोने से पहले चेहरे पर अप्लाई करें। वहीं दूसरे दिन सुबह फेस वॉश कर लें।

# त्योहारों की थकान मिटाएं, इन 3 शांत जगहों पर पाएं अद्भुत सुकून

त्योहार के बाद थकान काफी हो जाती है। ऊपर से मन भी अशांत हो जाता है। अगर आप भी खुद को रिलैक्स करना चाहते हैं, तो आप त्योहार के बाद वीकेंड पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। मन को शांत करने और सुकून वाली जगहों की तलाश है, तो आप इन 3 जगहों पर जरुर जाएं। यहां जाकर आप थकान और चिंता सब भूल जाएंगे और शरीर को भी रिलैक्स पाएंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट-फेस्टिव वीकेंड ट्रिप प्लान के लिए कुछ सुकून वाली जगहों के बारे में बताएंगे।



**ऊटी, तमिलनाडु** : अगर आप दक्षिण भारत की तरफ जाना चाहते हैं, तो साउथ की सबसे बेस्ट जगह ऊटी जा सकते हैं। यहां पर चाय बगान काफी सुंदर देखने को मिलेंगे। इस मौसम में यह हिल स्टेशन अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। आप कम बजट में यहां पर फैमिली और दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। नीलगिरी का रत्न कहा जाता है ऊटी, यहां पर पर्यटको की ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। हरियाली और खूबसूरत झीलों के देख सकते हैं। इस मौसम ऊटी की हवा ताजी और ठंडी होती है, जो दिल और दिमाग दोनों का ताजगी से भर देती है।

**नैनीताल, उत्तराखंड** : शांति और सुकून वाली जगहों की तलाश कर रहे हैं, तो आप नैनीताल घूमने जरुर जाएं। यहां की खूबसूरत झील, हरियाली और पहाड़ी रास्तों के लिए फेमस माना जाता है। आप यहां पर झील किनारे घंटों बैठ सकते है और बोट राइडिंग का मजा भी ले सकते हैं। झील के पास नैचुरल वॉक करना और घोड़े की सवारी करना आपकी ट्रिप को शानदार बना देगा। यहां पर खूबसूरत झरनों का मजा ले सकते हैं। दोस्तों या परिवार के साथ मनाएं ट्रिप।

**ऋषिकेश, उत्तराखंड** : देश की सबसे शांत और सुकून वाली जगह है ऋषिकेश है। यहां पर कितनी भीड़ क्यों न हो, जब आप गंगा किनारे बैठेंगे को सुकून ही पाएंगे। आप कम बजट में ऋषिकेश घूमने जा सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटीज कर सकते हैं। बंजी जंपिंग, रिवर राफ्टिंग, बोट राइडिंग और ट्रेकिंग कर सकते हैं। इतना ही नहीं, यहा पर आप गंगा आरती लाइव देख सकते हैं। ऋषिकेश में कई फेमस जगहें जहां आप जा सकते हैं जैसे कि परमार्थ निकेतन, त्रिवेणी घाट और नीलकंठ मंदिर देखने जा सकते हैं।

# अब जबलपुर की सड़कों पर दौड़ेगी करोड़ों की अल्ट्रा लग्जरी इलेक्ट्रिक ईवी,



## सिर्फ 4.4 सेकेंड में पकड़ती है 0 से 100 किलोमीटर की रफ्तार

जबलपुर। ओशो की नगरी भेड़ाघाट एक बार फिर चर्चा में है। ओशो होम आश्रम के संस्थापक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने मध्यप्रदेश की पहली मर्सिडीज मायबैक कार खरीदकर एक नया इतिहास रचा है। करोड़ों की कीमत वाली यह कार अब जबलपुर की सड़कों पर नजर आएगी। अनुयायियों का कहना है कि यह सिर्फ. एक कार नहीं, बल्कि स्वामी जी की जीवन-यात्रा, समर्पण और उपलब्धियों का प्रतीक है। साधारण जीवन से शुरू होकर भेड़ाघाट को आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित करने करने का कार्य उन्होंने किया है। लोग मानते हैं कि स्वामी प्रेम पारस न केवल अध्यात्मिक पथ के साधक हैं, बल्कि आधुनिकता और परंपरा के संगम का जीवंत उदाहरण भी हैं। 2025 में हुई लॉन्च : स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि मर्सिडीज-मेबैक एदर 680 एक अल्ट्रा लग्जरी इलेक्ट्रिक रवश है, जिसे 2025 में भारत में लॉन्च किया गया। यह मेबैक ब्रांड की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक कार है और इसमें लक्जरी, परफॉर्मेंस और टेक्नोलॉजी का शानदार संगम दिखता है। इसकी टॉप स्पीड 210 '/ है और यह 0 से 100 '/ की रफ्तार सिर्फ 4.4 सेकंड में पकड़ लेती है, यानी यह एक परफॉर्मेंस कार भी है, जो साइलेंट और स्मूद लक्जरी ड्राइव भी देती है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश, उड़नदस्ता दल और नोडल अधिकारियों की करें तैनाती

# दलालों और बिचौलियों पर रखें पैनी नजर



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जिले में दिसंबर माह से समर्थन मूल्य पर संभावित धान उपार्जन कार्य, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता तथा मजबूत निगरानी तंत्र की देखरेख में सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान उपार्जन में दलालों-बिचौलियों और व्यापारियों पर पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने इसके लिये उड़नदस्ता दल गठित करने और प्रत्येक खरीदी केन्द्र के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने की हिदायत दी।**

## किसानों को न हो असुविधा

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संभावित उपार्जन केन्द्रों का आकलन करें। गोदामों की मैपिंग करें और फिर गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों की सूची तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को दो-टूक लहजे में हिदायत दी कि उपार्जन केन्द्र इस प्रकार बनाये जायें कि किसानों को अपने खून-पसीनें की मेहनत से पैदा की गई धान की उपज को बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो। बैठक के दौरान कलेक्टर ने 1 हजार मीट्रिक टन या उससे अधिक रिक्त क्षमता वाले गोदामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रबंधक म.प्र. वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन को दिये। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन गोदामों में उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने हैं, वहां चावल का भण्डारण न कराया जाये। इसे सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को आदेशित किया गया। साथ ही मंडी सचिव एवं उपसंचालक कृषि को निर्देश दिये गये कि मंडी में होने वाली धान की आवक तथा व्यापारियों के पास उपलब्ध धान के स्टॉक की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। ताकि उपार्जन केन्द्रों में धान की रिसायक्लिंग को रोका जा सके।

## खाद की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने रबी की फसल और मुख्यतः गेहूँ की बुवाई शुरू होने के बाद इसके लिये जरूरी उर्वरकों का आकलन और उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की। बताया गया कि जिले में आगामी माहों में होने वाली फसलों की बुवाई के नजरिये से जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। उपसंचालक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 4 हजार 354 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। जबकि 5 हजार 629 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3 हजार 204 मीट्रिक टन एनपीकेएस तथा 10 हजार 671 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। कलेक्टर श्री तिवारी ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने धोखाधड़ी में लिप्त खाद विक्रेताओं का लायसेंस निलंबित करने जैसी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

## मझगवां में नकद विक्रय केन्द्र शुरू

बड़वारा अंचल के किसानों की सुविधा के लिये मझगवां में डबल लॉक का एक उर्वरक नगद विक्रय केंद्र शुरू किया गया है। कृषक यहां से भी नगद में उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

## नापतौल निरीक्षक करें कार्यवाही

कलेक्टर ने निरीक्षक नापतौल को विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 अंतर्गत कार्यवाही के प्रावधानों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ विगत वर्षों में धर्मकांटों में तौल सम्बंधी हुई व्यापक गड़बड़ियों की जानकारी जिला उपार्जन समिति द्वारा दिये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने नापतौल निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस बार ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें जिससे व्यवस्था में सुधार लाया जा सके। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक श्री सेंगर, जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय, नापतौल निरीक्षक माजिद खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बाकल थाने में घुसकर पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, 2 घायल

### कमजोर धाराओं में केस दर्ज करने का आरोप लगाकर किया हमला, 5 पर FIR एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले के बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला एक युवक के साथ मारपीट से जुड़ा है। फिलहाल, बाकल में पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस ने बताया कि 19 अक्टूबर को कुणाल सिंह राजपूत ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि असीम खान और आमिल खान उसे जबरन अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां बेरहमी से पीटा। सिगरेट से दागा। मोबाइल छीनने की कोशिश की। वह किसी तरह बचकर भाग आया। पुलिस ने उसी दिन केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

**करणी सेना का आरोप- कमजोर धाराएं लगाई-** मामले में हल्की धाराएं लगाने का आरोप लगाते हुए करणी सेना ने विरोध जताया था। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि पुलिस ने जानबूझकर मारपीट का कमजोर केस दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ अपहरण और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया जाए। बुधवार शाम को करणी सेना के सदस्य इसी मांग को लेकर बाकल थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी रश्मि सोनकर को बर्खास्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। इसके बाद बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया।

सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी संतोष कुमार डहेरिया मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी संतोष कुमार डहेरिया मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। कड़ी कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया।

**दोबारा पहुंचे थाने, पुलिसकर्मियों से मारपीट की-** प्रदर्शन समाप्त होने के कुछ देर बाद रात करीब 10 बजे प्रदर्शनकारियों का एक समूह दोबारा थाने पहुंचा। यहां पुलिसकर्मियों से बहस की। फिर मारपीट करने लगे। इसमें हेड कॉन्स्टेबल कृष्ण कुमार शुक्ला और कॉन्स्टेबल अवधेश मिश्रा घायल हो गए। हेड कॉन्स्टेबल शुक्ला को प्राथमिक उपचार के बाद कटनी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**कुणाल से मारपीट की वजह प्रेम प्रसंग-** कुणाल से मारपीट की वजह प्रेम प्रसंग निकलकर आई है। घटना के दिन असीम खान ने कुणाल को खेत से लौटते वक्त रोककर पूछा था कि तुम मेरी चचेरी बहन से क्यों बात करते हो? उसकी फोटो क्यों रखी है? आमिल खान ने कुणाल से कहा कि अपना मोबाइल दो। कुणाल ने जब मोबाइल नहीं दिया, तब उससे मारपीट की गई।

## निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आदेश जारी कर अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**कटनी।** स्वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु भारत सरकार के समस्त विभागों की तर्ज पर, प्रदेश शासन के सभी शासकीय कार्यालयों में भी में 31 अक्टूबर तक स्पेशल कैम्पेन 5.0 अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है।

नगर निगम में इस अभियान के सफल संचालन, आयोजन और शासन निर्देशानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आदेश जारी कर उपायुक्त शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त कर अभियान के समन्वय एवं प्रगति रिपोर्ट से समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के अंतर्गत सी एम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण हेतु उपायुक्त श्री गुप्ता सहित समस्त विभाग प्रमुखों एवं लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कार्यालय परिसर की सफाई सहित कार्यस्थल साफ एवं व्यवस्थित रखने का दायित्व स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं समस्त शाखा प्रमुखों एवं लिपिकों को दिया गया है।

# कलेक्ट्रेट एवं जिपं परिसर में जुलूस, आम सभा नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री नीलांबर मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।**

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

# महापौर श्रीमती सूरी की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर पालिक निगम कार्यालय में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत अनुशंसा प्रदान करते हुए प्रस्तुत प्रस्तावों को परिषद बैठक के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, सहित निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जी.एस.टी. 2.0 रिफार्म के समर्थन एवं धन्यवाद के प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहायक लेखापाल श्रीकांत तिवारी द्वारा बताया गया कि हाल ही में केंद्र सरकार के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर जी.एस.टी की दरों में ऐतिहासिक बदलाव कर आमजन, व्यापारियों, एवं उद्योगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। इस जनहितैषी निर्णय ने देश को एक राष्ट्र एक कर एक बाजार की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है। पारदर्शी और सरल कर प्रणाली से आर्थिक गतिविधियों में तीव्रता आई है तथा इससे राज्यों और नगरीय निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस संकल्प में मध्य प्रदेश के नगर निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरीय निकाय न केवल नागरिक सुविधाओं के संवाहक हैं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले अग्रिम स्तंभ भी हैं। प्रस्तुत प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा एक समृद्ध, स्थिर और उत्तरदायी भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर इन ऐतिहासिक कार्य का समर्थन करते हुए वस्तु एवं सेवा कर की दरों में ऐतिहासिक कमी हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित कर एकमतेन होकर प्रस्ताव की अनुशंसा की गई तथा स्वीकृति हेतु निगम परिषद की बैठक के समक्ष रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



लोक नृत्य में 7वां तथा रोल प्ले में 6वां स्थान

# सिवनी जिले की छात्राओं ने राज्य स्तर पर बढ़ाया गौरव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** राज्य स्तरीय लोक नृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 व 15 अक्टूबर 2025 को डाइट खंडवा में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बकोडी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक नृत्य में 7वाँ एवं रोल प्ले में 6वाँ स्थान प्राप्त कर सिवनी जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की 9 छात्राएँ – अंबिका साहू, वैशाली चौरसिया, आरती मालधे, दिव्यानशी रामटेके, खुशी टेमरे, हिमांशी टेमरे, पावनी चौधरी, ओनिशा चौधरी एवं महिमा शेन्डे ने प्रतिभाग किया। इन छात्राओं को माध्यमिक शिक्षक नंदकिशोर गौतम एवं प्रधान पाठक अजय भारद्वाज द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनके निर्देशन में तैयार की गई प्रस्तुति को निर्णायकों द्वारा सराहा गया। उक्त उपलब्धि पर जिले के शिक्षकों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों ने विद्यालय परिवार सहित सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय सौंपा ज्ञापन

# अवैध शराब विक्रय व कब्जे को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** गाँव मे लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय से ग्रामीणों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा है। बुधवार को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरहनी के सैकड़ो महिलाये व पुरुष सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे ! जिससे आवागमन बाधित रहा! लगभग एक से डेढ़ घंटे ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन अवैध शराब विक्रय ओर अवैध कब्जे को लेकर चला ! ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन को अवैध रूप से पैकारी चलाने वाले ग्राम खिरहनी निवासी राजाराम यादव, संजय यादव व राजकुमार यादव के द्वारा ग्रामीणों पर पत्थरबाजी की गईं! साथ ही हाथों मै कुल्हाड़ी व तलवार लेकर ग्रामीणों को धमकाया गया ! जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें! ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बतलाया कि गाँव मै लगभग कई वर्षों से लगातार अवैध शराब का विक्रय गाँव के ही निवासी राजाराम यादव, संजय यादव ओर राजकुमार यादव के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इनके द्वारा अवैध तरीके से सरकारी भूमि पर कब्जा कर चौराहे पर घर बना लिया गया है।

## पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

ग्राम खिरहनी मै बढ़ते आक्रोश के बीच थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने पैकारी चलाने वाले दो यादव व्यक्तियों को पकड़कर थाने लें गए ओर वायरल वीडियो जिसमें पैकारी चलाने वाले तलवार ओर कुल्हाड़ी हाथों मै लेकर घूमाते हुये दिख रहे है उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय

पूरे मामले को लेकर गुरुवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय स्लीमनाबाद पहुंच कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर राजाराम यादव संजय यादव एवं राजकुमार यादव के द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की गई है बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम खिरहनी में चंदी माता के पास राजाराम यादव संजय यादव राजकुमार यादव के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिससे गाँव की दीवाली की टोली को निकलने परेशानियों का सामना करना पड़ता है उसी जगह से आम रास्ता भी है, जो की बंद कर दिया गया है जिसके कारण आये दिन विवाद की स्थति बनी रहती है विगत दिवस बुधवार को इस पूरे मामले को लेकर हम ग्रामीणों ने एकत्रित होकर धरना कर सड़क को जाम किया था जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर झगड़े को शांत कराया साथ ही ग्रामीणों ने अपने शिकायत पत्र में प्रशासन को चुनौती पूर्ण कहा है कि आगामी एक सप्ताह के बाद एकादशी को चंडी मेला का आयोजन उसी स्थल पर होता आ रहा है यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो पुनः विवाद की स्थिति बनेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी


दैनिक रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक
डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें
संवाददाता भी नियुक्त करना है
प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320
प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.


# अंशदान राशि जमा करने हेतु 27 से 31 तक आवास-मेला आयोजित

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवासो के हितग्राहियों से योजनांतर्गत अंशदान ऋण स्वीकृत करने के संबध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय परिसर एवं टी.सी. बजान. स्कूल, जोन कार्यालय 04 में आवास मेले का आयोजन किया जा जा रहा है। इस आवास मेले मे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक हितग्राही अंशदान की राशि 1.80 लाख का ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। निगम प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि आवास मेले में अनिवार्यतः उपस्थित होकर पात्रता के आधार दस्तावेजीय पूर्ति कराते हुये हितग्राही अंशदान की राशि ऋण प्राप्त करने की कार्यवाही कर आयोजित मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।





क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार
सुबह 11 बजे से 2 बजे तक
दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
* कील मुहांसे का सफलतम ईलाज
* चेहरे का सांवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटायें द्वारा
* तील एवं मस्सों का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
* चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
* सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
* काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
* एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
* चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा
रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरंतर रखे जाने का निर्णय

## सतत विकास लक्ष्य एसडीजी मूल्यांकन योजना का अनुमोदन

**5 जिला चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या में उन्नयन एवं 810 नए पद सृजित करने की स्वीकृति**

**निवर्तन के लिए भूखण्ड का आरक्षित मूल्य कलेक्टर गाइडलाइन के 100 प्रतिशत क्षेत्रफल पर तय किये जाने का निर्णय**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक गुरूवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरंतर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। खरीफ 2025 सीजन की ड्यू डेट 28 मार्च, 2026 और रबी 2025-26 सीजन की ड्यू डेट 15 जून 2026 नियत की गयी है।योजनान्तर्गत खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित तिथि (ड्यू डेट) तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा 3 लाख रुपए तक के दिये गये अल्पावधि फसल ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। राज्य शासन द्वारा सभी किसानों के लिए 1.5 प्रतिशत सामान्य ब्याज अनुदान और निर्धारित ड्यू डेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा। वर्तमान वर्ष में 23 हजार करोड़ रुपए वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं।

**एसडीजी मूल्यांकन योजना का अनुमोदन** : मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए "एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) मूल्यांकन योजना" को आगामी 5 वर्षों (वर्ष 2025-30 तक) के लिए स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

योजना अंतर्गत सतत विकास के लक्ष्यों का राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर स्थानीयकरण, क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों के सतत विकास लक्ष्यों और उनके संकेतक के आधार पर डैशबोर्ड के माध्यम से रैंकिंग तय की जायेगी। डैशबोर्ड आधारित रैंकिंग अनुसार दो शीर्ष प्रदर्शन किये जाने वाले जिलों को पुरस्कार राशि का वितरण किया जाएगा।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले को 1 करोड़ रुपए और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जिले को 75 लाख रुपए की वित्तीय सहायता का वार्षिक प्रावधान किया जाएगा। चयनित जिला अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 17 सतत विकास लक्ष्यों में से किसी भी लक्ष्य में सुधार के लिए पुरस्कार राशि का उपयोग कर सकता है। प्रदेश के ऐसे जिले जिनका रैंकिंग में प्रदर्शन कमजोर स्तर का होगा, उन्हें प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की सहायता से विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित किया जायेगा, जो प्रदेश के समग्र विकास में सहायक होगा। योजना पर 19 करोड़ 10 लाख रुपए (3 करोड़ 82 लाख प्रतिवर्ष) का अनुमानित व्यय होगा। उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य, जिन्हें वैश्विक लक्ष्य भी कहा जाता है, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2030 तक के 17 अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्यों को तय किया गया है। सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करना है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश शासन द्वारा तैयार किया गया "विकसित मध्यप्रदेश@ 2047 दृष्टिपत्र" राज्य के दीर्घकालिक विकास की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता है। "एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) मूल्यांकन योजना विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के निर्माण के आधार में सहायक होगी।

**चिकित्सालयों में बिस्तरों की संख्या का उन्नयन और नए पद सृजन की मंजूरी**

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला चिकित्सालय टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर एवं डिण्डौरी में 800 बिस्तरों का उन्नयन और चिकित्सालयों के संचालन के लिए 810 नए पद की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें 543 नियमित, 04 संविदा एवं आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से 263 पदों की स्वीकृति दी गयी हैं। पदों के सृजन पर वार्षिक व्यय 39 करोड़ 50 लाख रुपए की भी स्वीकृति दी गयी। स्वीकृति अनुसार जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में बिस्तर की संख्या 300 से बढ़ाकर 500, नीमच में 200 से बढ़ाकर 400, सिंगरौली में 200 से बढ़ाकर 400, श्योपुर में 200 से बढ़ाकर 300 और जिला चिकित्सालय डिंडौरी में बिस्तरों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 की गयी है।

**मालथौन कनिष्ठ खण्ड न्यायालय की स्थापना और नवीन पद की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के न्यायिक जिला सागर की तहसील मालथौन में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर के एक नवीन पद और उनके अमले अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6 पद इस प्रकार कुल 7 नवीन पदों का सृजन किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।

**निवर्तन के लिए भूखण्ड का आरक्षित मूल्य कलेक्टर गाइडलाइन के 100 प्रतिशत क्षेत्रफल पर तय किये जाने का निर्णय**

# प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट से निगरानी

## नागरिकों को फेसलेस सुविधा

भोपाल। प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया गया है। इनके स्थान पर परिवहन विभाग ने 45 "रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट" प्रारम्भ कर दिए हैं। इन पर पदस्थ प्रवर्तन बल द्वारा बॉडीवोर्न कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की जा रही है। "इज ऑफ डुइंग बिजनेस" के अंतर्गत इन प्वाइंट पर द्वारा अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों द्वारा ई-चेकपोस्ट मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। परिवहन विभाग ने इस वर्ष 5 हजार 693 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखा है। पिछले वर्ष 2024-25 में परिवहन विभाग ने करीब 4 हजार 875 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया था। यह राजस्व वर्ष 2023-24 के मुकाबले 5.83 प्रतिशत अधिक रहा है।

### प्रदेश में बनाये गये सुविधा केन्द्र

परिवहन विभाग की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट तथा ड्राइविंग लाइसेंस आदि से संबंधित अधिकतर सेवाओं को एनआईसी के पोर्टल "वाहन" तथा "सारथी" के माध्यम से फेसलेस प्रदान किया जाना प्रारम्भ किया गया है, जिसमें आवेदक को कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होती। आमजन को परिवहन विभाग की सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में सहायता करने के लिए सीएससी सेंटर्स के अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन सेंटर्स को भी राज्य सरकार द्वारा सुविधा केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। आम जनता की सुविधा के लिये वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस डिजिटल रूप से रख सकने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा आवेदकों को ड्राइ?विंग लाईसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र इलेक्ट्रानिक रूप में जारी किया जाना प्रारंभ किया गया है।

### नकदी रहित उपचार सुविधा

सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिये "सड़क दुर्घटना पीडितों का नगदी रहित उपचार स्कीम-2025" सुचारू रूप से क्रियान्वित की गई है, जिसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिये किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उन?की सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहा है।

# टीकाकरण के बाद नवजात की मौत, चार बीमार

रायसेन। रायसेन जिले के सिलवानी क्षेत्र के ग्राम केसली में टीकाकरण के बाद एक नवजात शिशु की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बच्चे बीमार पड़ गए। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना 9 अक्टूबर को हुए टीकाकरण के बाद सामने आई। परिजनों के अनुसार, 9 अक्टूबर को नवजात शिशुओं को 5 से 10 मिनट के अंतराल पर चार-चार इंजेक्शन लगाए गए थे, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। 15 अक्टूबर को तीन माह की एक बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल बुधवार शाम को ग्राम केसली पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, विधायक पटेल ने मौके पर मौजूद तहसीलदार सुधीर शुक्ला को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। ग्रामीणों और परिजनों ने दोषी स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बच्ची के पिता बोले- टीकाकरण के बाद बिगड़ी तबीयत मृत बच्ची के पिता सुनील ने बताया कि उनकी तीन माह की बच्ची को 9 अक्टूबर को तीन इंजेक्शन लगाए गए थे, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी और 15 अक्टूबर को उसने दम तोड़ दिया। वहीं, एक अन्य बीमार बच्ची के पिता संतराम ठाकुर ने बताया कि उनकी बच्ची का इलाज चल रहा है।

# लाड़ली बहनों को भाई दूज पर नहीं मिले 250 रुपए

## सीएम ने लाड़ली बहना कार्यक्रम में देने की बात कही थी; अब बोले- अगले महीने देंगे



भोपाल। भाई दूज पर लाड़ली बहनों को मिलने वाले 250 रुपए नहीं दिए गए। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर हुए लाड़ली बहना कार्यक्रम के दौरान यह राशि ट्रांसफर की जानी थी। प्रदेश भर से लाड़ली बहनों को इसी खुशी के साथ सीएम निवास बुलाया गया था। जब लाड़ली बहनें कार्यक्रम में पहुंची तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख बहनों के बैंक खातों में 250 रुपए की किस्त अगले महीने जमा होगी। साथ ही 1250 रुपए की राशि बढ़कर 1500 रुपए की जा रही है, ये राशि भी नवंबर से हर महीने दी जाएगी।

**आयुक्त ने कहा- अगले माह से मिलेगा पैसा** : महिला और बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता से भास्कर ने पूछा कि आज कुल कितनी राशि ट्रांसफर की गई है, जिस पर उन्होंने कहा कि आज कोई राशि नहीं जमा कराई गई है। यह राशि अगले माह से ट्रांसफर होगी। अगले माह से 1500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**300 करोड़ खर्च आएगा** : अब तक इस योजना के अंतर्गत 44,917.92 करोड़ रुपए सीधे बहनों के खातों में भेजे जा चुके हैं। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र बहनों के खाते में यह राशि ट्रांसफर होने के बाद नवंबर से एक साथ 1500 रुपए जमा होंगे। इस पर 300 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री निर्मला भूरिया और मंत्री कृष्णा गौर मौजूद रहीं ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री निर्मला भूरिया और मंत्री कृष्णा गौर मौजूद रहीं ।

**बहनों के लिए 33% का आरक्षण** : सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को सशक्त करने के लिए 33% का आरक्षण की व्यवस्था की है। 2029 के बाद देश और प्रदेश की विधायिका में बहनों की संख्या और बढ़ने वाली है। लाड़ली बहनें अगर रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़ती हैं तो उनको ?1500 के अतिरिक्त ?5000, 10 साल तक दिया जाएगा।सरकार के माध्यम से बहनों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए हम ऐसे और कई काम चालू कर रहे हैं। रजिस्ट्री या कोई प्रॉपर्टी आपके नाम कराना हो तो 2 प्रतिशत की छूट हमने इसमें भी दी है। हमारी बहनें अगर अपना खुद का कारखाना खोलती हैं तो

# दीपों और संगीत के रंग में मनी देव दीपावली

## भजन संध्या में झूमें भक्त, अहिरी नृत्य भी हुआ, अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा जन सैलाब



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में भक्ति, दीपों और आनंद का पर्व देव दीपावली, गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट महा महोत्सव सोमवार रात्रि को छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और पूरा क्षेत्र ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सत्यधर्म मंडल, श्रीराम मंदिर बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीरामलीला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आरती के पश्चात भक्तों ने सपरिवार भगवान श्रीराम के चरणों में दीप प्रज्वलित किए और सामूहिक रूप से गोवर्धन पूजन में भाग लिया।इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था। भूमि पर गोबर एवं रंगोली से भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की भव्य प्रतिकृति स्वप्निल विश्वकर्मा द्वारा तैयार की गई, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। ट्रस्ट अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि देव दीपावली भक्ति, प्रकाश और एकता का प्रतीक पर्व है, जो लोक आस्था और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा पाँच दीपक लाकर सामूहिक दीप प्रज्वलन किया पूजा करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु रात में युवाओं ने रंग-बिरंगी आतिशबाजी कर माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। वहीं दिनभर मंदिर परिसर में श्री गोवर्धन परिक्रमा पूजन का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सत्यधर्म मंडल, श्रीरामलीला मंडल के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा। पूजन के बाद देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलती गई जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे इस दौरान अहिरी नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई

# गौ-शालाओं को विकसित करेंगे गौ-मंदिर के रूप में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा मिलेगी अतिरिक्त राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गोवर्धन पूजन



**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज और सरकार के सहयोग से प्रदेश की गौ-शालाओं को गौ-मंदिर के रूप में विकसित किया जायेगा। गौ-शालाओं में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। गौ-शालाओं के विकास और उनके स्वावलंबन के लिये हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। प्राकृतिक रूप से तैयार उपज पर किसानों को समर्थन मूल्य के साथ ही अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में गौ-शालाओं का संचालन नगरीय निकायों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया जायेगा। प्रदेश में खुले में विचरण करने वाली निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं बल्कि गौ-शालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के प्रबंध कर उनकी बेहतर देखभाल की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर द्वारा स्थापित रेशम केन्द्र गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गाय का दूध अमृत है। उसमें सबसे अधिक पोषक तत्व होते हैं। गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और आनंदित पाता है। गौ-माता दोहरा पोषण करती है। वह अपने बछड़े के पालन के साथ-साथ मानव जाति का भी पोषण करती हैं हर युग में हर आश्रम में गौ-माता पाली जाती थी और जगह-जगह गौ-पालन होता था। परम्परागत रूप से घरों में पहली रोटी गाय के लिये बनाई जाती है।

**बालिका महक को किया सम्मानित** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किये गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने गोवर्धन पर्वत की साज-सज्जा कर आकर्षक स्वरूप देने वाली बालिका महक शर्मा को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उसे 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। साथ ही उन्होंने बालिका को 11 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

**गौ-शाला के अखाड़े का किया अवलोकन** : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शाला में बने अखाड़े का अवलोकन किया। उन्होंने अखाड़े में कुश्ती देखी और पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अखाड़ों से हमारे पहलवान कृष्ण और बलराम जैसे बनेंगे। आधुनिक दौर में मेट पर कुश्तियां भी हो रही हैं, इस अखाड़े में भी मेट की व्यवस्था की जायेगी। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गौ-शालाओं के विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधि भी आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गौ-माता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम अपने बच्चों का जन्मदिन केक काटने की बजाय गौ-शालाओं की सेवा करके मनायें। उन्होंने कहा कि गोबर और गोमूत्र से गौ-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किये जाने की जरूरत है।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राज्य शासन द्वारा पहले प्रति गाय के पोषण के लिये जो राशि प्रदान की जाती थी अब उसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। इससे गौ-पालन और गौ-संवर्धन दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गौ-माता हमारी संस्कृति का प्रतीक है। रेशम केन्द्र की गौशाला को आदर्श गौशाला के रूप में स्थापित किया जायेगा। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम गौ-शाला को बढ़ाने के लिये सतत प्रयासरत है। पहले यहां पर मात्र 630 गाय थी जो आज बढ़कर 2300 से अधिक हो गई है। इस सेवा कार्य में जनता की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि गौ-शाला में नवनिर्मित हॉस्पिटल में आईसीयू सेंटर बनाया गया है, जहां बीमार गाय का ठीक से उपचार किया जाता है।

स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गौवंश के प्रति बढ़ते प्रेम की वजह से आज प्रदेश में उज्जैन सहित ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर आदि गौ-शालाओं में जनभागीदारी के माध्यम से हजारों गायों का पालन हो रहा है। रेशम केन्द्र गौ-शाला में बाहरी प्रदेशों से आई गायों का बेहतर तरीके से पोषण किया जा रहा है। गौ-शाला में गोवंश से प्रतिदिन सौ से ड़ेढ सौ लीटर दूध उत्पादित हो रहा है।

**गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रकल्प की सराहना की। उल्लेखनीय है कि गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी और सुश्री कविता पाटीदार, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री चिंटू वर्मा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्र, स्वामी अच्युतानंद जी महाराज आदि मौजूद थे।

# साउथ अफ्रीका ने जीता दूसरा टेस्ट, पाकिस्तान से किया हिसाब बराबर



नई दिल्ली। डब्ल्यूटीसी 2025-27 के तहत खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया है। इसी के साथ ये सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई है। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज रहे, जिन्होंने पहली पारी में सात विकेट निकाले थे दूसरी पारी में 2 विकेट उनको मिले। 30 रन भी उनके बल्ले से इस मैच में निकले, जो अहम साबित हुए।

साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान की सरजमीं पर दमदार खेल दिखाया है। डब्ल्यूटीसी 2025-27 के तहत खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया है। इसी के साथ ये सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई है। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज रहे, जिन्होंने पहली पारी में सात विकेट निकाले थे दूसरी पारी में 2 विकेट उनको मिले। 30 रन भी उनके बल्ले से इस मैच में निकले, जो अहम साबित हुए।

रावलपिंडी में खेले गए इस मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान की टीम के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने पहली पारी में 333 रन बनाए थे। इसके जवाब में 404 रन साउथ अफ्रीका ने बना दिए थे। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में करीब 70 रनों से पिछड़ गई थी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरी लेकिन 138 रन पर ढेर हो गई।

साउथ अफ्रीका की टीम को महज 73 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा था जिनमें अब्दुल्लाह शफीक, शान मसूद और सऊद शकील का नाम शामिल है। साउथ अफ्रीका के लिए पहली पारी में ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डिजोरजी और सेनुरन मुथुसामी ने अर्धशतक जडे.।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की टी20 टीम का ऐलान, बाबर-नसीम की वापसी



लाहौर। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्तूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी।बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार हैः सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक।

इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम इस प्रकार हैः- शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब और सलमान अली आगा।

# विराट कोहली का फिर नहीं खुला खाता

## , करियर में हुआ पहली बार कुछ ऐसा, संन्यास का मन बना चुके हैं किंग कोहली?



एडिलेड। एडिलेड में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली बिना खाता खोले ही आउट हो गए। पर्थ में खेले गए पहले वनडे में भी कोहली बिना खाता खोले ही अपना विकेट गंवा बैठे थे। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले कोहली अपने करियर में पहली बार लगातार दो मैचों में खाता नहीं खोल पाए। जेवियर बार्टलेट ने कोहली का विकेट लिया। इसके बाद एडिलेड ओवल में सन्नाटा छा गया। उन्होंने रोहित शर्मा से बात की रिव्यू न लेने का फैसला किया। फिर पवेलियन लौटे हुए ग्लव्स उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद से सवाल उठने लगा है कि क्या कोहली ने वनडे से संन्यास का मन बना लिया है। बार्टलेट ने 7वें ओवर की पहली गेंद पर भारत के नए कप्तान शुभमन गिल को पवेलियन भेजा। रोहित शर्मा को संघर्ष करते देख गिल ने दबाव हटाने की कोशिश में शॉट खेला, लेकिन मिडऑफ पर मिचेल मार्श ने कैप लपका। इसके बाद विराट कोहली बल्लेबाजी करने क्रीज पर आए। ऑफ स्टंप से बाहर गेंदों पर आउट हो रहे कोहली के लिए ऑस्ट्रेलिया ने माइंड गेम खेला। ये कारग भी साबित हुआ।

ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को ऑफ स्टंप से बाहर खिलाने प्लान बनाया। मिचेल मार्श ने तीन स्लिप लगाए। जेवियर बार्टलेट ने तीन गेंद ऑफ स्टंप से बाहर की। वह चौथी गेंद अंदर लेकर आए और विराट कोहली इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका पैर क्रीज में ही रह गया। बातचीत की और रिव्यू नहीं लिया। वह पवेलियन लौट गए। एडिलेड में अक्सर कोहली का बल्ला बोलता रहा है। ऐसे में दर्शकों ने मैदान से बाहर जाते समय उनके लिए तालियां बजाईं। कोहली ने गलव्स उठाकर अभिवादन किया। इसके बाद से लगातार सवाल उठने लगे हैं कि क्या कोहली ने वनडे को भी अलविदा कहने का मन बना लिया है? कोहली संन्या ले या न लें लेकिन एडिलेड में तो वह फिर नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में कहा ये भी जा रहा है कि, शायद इसलिए उन्होंने इसी वजह से दर्शकों का अभिवादन किया हो।

# इंडोनेशिया में इजरायली जिम्नास्ट के प्रवेश पर रोक

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने सभी खेल संघों को सलाह दी है कि वे इंडोनेशिया में कोई भी आयोजन न करें। साथ ही इंडोनेशिया के साथ भविष्य में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर चल रही सभी बातचीत पर रोक लगा दी गई है। क्ष्डउ ने यह कदम इंडोनेशिया में हो रही वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में इजरायली खिलाड़ियों को प्रवेश देने से इनकार के बाद उठाया गया है। इंडोनेशिया में 19 से 25 अक्टूबर तक वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इंडोनेशिया ने इजराइली जिम्नास्ट्स को वीजा देने से मना कर दिया था। यह फैसला गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान के विरोध में लिया गया। इसके कारण इजराइली खिलाड़ी जकार्ता में शुरू हुई वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले सके। इंडोनेशिया के कानूनी मामलों के वरिष्ठ मंत्री युसरिल इहजा महेंद्रा ने कहा था कि इजराइल की भागीदारी को लेकर सरकार और इस्लामिक धर्मगुरुओं की परिषद ने आपत्ति जताई थी।

# इंग्लैंड को हरा ऑस्ट्रेलिया टॉप पर, वर्ल्ड कप में विरोधी टीम को छह विकेट से मात देकर कब्जाया शीर्ष स्थान

इंदौर। आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 का 23वां मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया। इंग्लैंड ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए पारी की शुरूआत एमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट ने की। दोनों ने पहले विकेट के लिए नौ ओवर में 55 रन की साझेदारी की। जोंस 18 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद ब्यूमोंट ने दूसरे विकेट के लिए हीथर नाइट 20 के साथ 35 रन जोड़े। कप्तान नेट साइवर ब्रंट महज सात रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद ब्यूमोंट ने चौथे विकेट के लिए सोफिया डंकले के साथ 42 रन जोड़े। ब्यूमोंट चौथे विकेट के रूप में आउट हुईं। उन्होंने 105 गेंद पर एक छक्का और 10 चौकों की मदद से 78 रन की पारी खेली। एलिस कैप्से (38) और चार्लोट डीन (26) की बदौलत इंग्लैंड ने 50 ओवर में नौविकेट पर 244 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी में श्रेष्ठ प्रदर्शन एनाबेल सदरलैंड का रहा। एनाबेल ने 10 ओवर में 60 रन देकर तीन विकेट लिए। सोफी मोलेनिक्स और एशले गार्डनर ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट अलाना किंग को मिला। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम ने 40.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

# एडिलेड में रोहित शर्मा ने रचा इतिहास

## सौरव गांगुली को पछाड़कर ये नायाब उपलब्धि की अपने नाम



एडिलेड। एडिलेड में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। जहां रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने बल्ले से खूब रंग जमाया। उन्होंने धीमी लेकिन एक प्रभावशाली पारी खेली। इस दौरान रोहित ने कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट गिरने के बाद धीमी गति से बल्लेबाजी की लेकिन एक बार वो सेट हो गए तो उन्होंने कई बेहतरीन शॉट खेले। इस दौरान रोहित ने 97 गेंदों में 73 रनों की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। वहीं वह इस मैच में पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के 11221 रन से आगे निकल गए हैं। दरअसल, पर्थ में वो पहले मैच में 8 रन ही बना पाए थे। इस तरह उनको एडिलेड में गांगुली से आगे निकलने के लिए 46 रन की जरूरत थी। एडिलेड में उन्होंने दादा को पछाड़ दिया और वनडे में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर हैं। जिन्होंने 463 वनडे में 18426 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिनके अभी तक 304 मैचों में 14181 रन हैं। अब तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा आ गए हैं जिनके नाम अब तक 275 वनडे मुकाबलों में 11249 रन हैं। सौरव गांगुली ने 308 मैचों में 11221 रन हैं, वहीं राहुल द्रविड़ ने 340 वनडे में 10768 रन हैं।

# गोवा में नहीं दिखेगा क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जलवा, अल-नस्त्र ने की पुष्टि

नई दिल्ली। सऊदी प्रो लीग टीम अल नस्त्र एफसी ने हफ्तों की अटकलों पर विराम लगाते हुए पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के फैंस को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, रोनाल्डो बुधवार को गोवा में इंडियन सुपर लीग क्लब एफसी गोवा के खिलाफ एएफसी चैंपियंस लीग टू ग्रुप मैच में नहीं खेलेंगे। फतोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले मैच से पहले सऊदी टीम बीती 20 अक्तूबर की रात को गोवा पहुंची। मैच से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को अल-नस्त्र के मुख्य कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि रोनाल्डो बाकी टीम के साथ नहीं गए क्योंकि उन्हें गेम टाइम मैनेज के लिए आराम दिया गया है। रोनाल्डो की अनुपस्थिति के बावजूद सऊदी प्रो लीग टीम अभी भी सितारों से सजी एक टीम उतार सकती है। इसमें लिवरपूल के पूर्व फॉरवर्ड सादियो माने, एटलेटिको मैड्रिड के पूर्व मिलफील्डर जोआओ फेलिक्स और बायर्न म्यूनिख के पूर्व विंगर किंग्सले कोमन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इस मैच में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। इस हाई-प्रोफाइल मैच की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कम से कम 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साउथ गोवा के पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हरिश्चंद्र वी, मडकाइकर ने बताया कि एक व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि, आतंकवाद निरोधी दस्ता, पिंक फोर्स, पुलि, नियंत्रण कक्ष वैन और एक आईआरबी प्लाटून तैनात की जाएगी। सीसीटीवी युक्त एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए निकासी योजना तैयार की गई है।

# सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 700 अंक से अधिक उछला

## निफ्टी 26,000 के स्तर पर पहुंचा



नई दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीद के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरूआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 734.36 अंक चढ़कर 85,160.70 अंक पर और एनएसई निफ्टी 198.3 अंक की बढ़त के साथ 26,066.90 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। हालांकि, इटर्नल और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा जबकि जापान का निक्की 225, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 2.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 96.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे। मंगलवार को एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 62.97 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 84,426.34 अंक पर और निफ्टी 25.45 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,868.60 अंक पर बंद हुआ था।

# आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 8.80 लाख किलो के पार

## इसकी वैल्यू 8.4 लाख करोड़; 2025-26 के पहले 6 महीने में 600 किलो खरीदा



नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पास सोने का भंडार 2025-26 के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) में 880.18 मीट्रिक टन (8,80,180 ˚) के पार हो गया है। 2024-25 के आखिर में यह 879.58 मीट्रिक टन था। 26 सितंबर तक सोने की कुल कीमत 95 बिलियन डॉलर (8.4 लाख करोड़ रुपए) थी। यह जानकारी फ्ष्क की लेटेस्ट रिपोर्ट में सामने आई है। सितंबर तक के छह महीनों में फ्ष्क ने अपने स्टॉक में 0.6 मीट्रिक टन (600 किलो) सोना जोड़ा। सितंबर में 0.2 मीट्रिक टन (200 किलो) और जून में 0.4 मीट्रिक टन (400 किलो) सोना खरीदा गया। 2024-25 में फ्ष्क ने 54.13 मीट्रिक टन सोना अपने खजाने में जोड़ा था।

**दुनियाभर में अनिश्चितताओं के चलते मांग-कीमतें बढ़ीं :** फ्ष्क ने अपने लेटेस्ट बुलेटिन में कहा कि ग्लोबल और जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितताओं के कारण सोने की मांग काफी तेजी से बढ़ी। क्योंकि, दुनियाभर के देशों के सेंट्रल बैंक और निवेशक इसे सुरक्षित संपत्ति के तौर पर खरीद रहे हैं। मांग और खरीद बढ़ने से कीमतें ग्लोबल और घरेलू मार्केट में भी बढ़ीं। इस दौरान दुनियाभर में सेंट्रल बैंकों ने 166 टन सोना अपने ऑफिशियल भंडार में जोड़ा, जिससे इसकी मांग और बढ़ी। जिसके चलते सोने की कीमतें तीसरी तिमाही में ऊंची रहीं और सितंबर में अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं।

**सोना आर्थिक स्थिरता रखता है, इसलिए भंडार किया जाता है :** यदि किसी देश की करेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर होती है, तो सोने का भंडार उस देश की क्रय शक्ति और उसकी आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में मदद करता है। 1991 में जब भारत की इकोनॉमी डूब रही थी और उसके पास सामान इंपोर्ट करने के लिए डॉलर नहीं थे तो उसने सोने को गिरवी रख पैसे जुटाए थे और इस फाइनेंशियल क्राइसिस से बाहर आया था। बहुत अधिक भंडार होने का मतलब है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। यह भी पता चलता है कि वह देश अपने धन का अच्छी तरह से प्रबंधन करता है। ऐसे में अन्य देश और ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन उस देश पर ज्यादा भरोसा करते हैं। गोल्ड रिजर्व किसी भी देश की करेंसी वैल्यू का सपोर्ट करने के लिए एक सॉलिड एसेट प्रदान करता है।

**इस साल सोना ?47,745 और चांदी ?66,484 महंगी हुई :** इस साल अब तक सोने की कीमत 47,745 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,23,907 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 66,484 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,52,501 रुपए प्रति किलो हो गई है।

# विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट का मिला ठेका



नई दिल्ली। सौर समाधान प्रदाता विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 595 वॉट पावर वाले ये मॉड्यूल महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। इस ठेके के तहत विक्रम सोलर सनश्योर को अपने उन्नत एम10आर एन-टाइप टॉपकॉन मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, ह्यह्य भारत के हाल ही में 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का आंकड़ा पार करना, हमारी स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में बनी गति का एक सशक्त अनुस्मारक है। हम अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों की ओर तेजी से और निर्णायक रूप से बढ़ रहे हैं। सनश्योर एनर्जी के साथ सहयोग इस प्रगति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सनश्योर एनर्जी के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मनीष मेहता ने कहा, हमारे प्रमुख बाजारों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हमारी आगामी परियोजनाओं के लिए विक्रम सोलर के साथ साझेदारी, कुशल निष्पादन के साथ विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# रूसी तेल खरीद कम कर सकता है भारत

नई दिल्ली। भारतीय रिफाइनर्स रूसी तेल के आयात को कम कर सकते हैं। रॉयटर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि रिफाइनिंग कंपनी रिलायंस सरकार की गाइडलाइंस के हिसाब से अपनी रूसी तेल की खरीदारी एडजस्ट करेगी। सरकारी कंपनियां भी शिपमेंट चेक कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत पर रूस से तेल खरीद बंद करने का दबाव डाल रहे हैं।

# जिला अस्पताल में ईओडब्ल्यू का छापा... विकास के नाम पर विनाश का खुलासा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** सरकारी अस्पतालों में अक्सर इलाज से ज्यादा इंतजाम बीमार रहते हैं। और जब इन बीमारियों का इलाज जांच एजेंसियां करने निकलें, तो कई बार रिपोर्ट इतनी भयावह निकलती है कि प्रशासन को भी अपने गिरेबान में झांकना पड़ता है। कुछ ऐसा ही नजारा जबलपुर के जिला अस्पताल में देखने को मिला....जहां ईओडब्ल्यू के छापे ने विकास कार्यों के नाम पर चल रहे करोड़ों के गोलमाल का चेहरा उजागर कर दिया।

## ईओडब्ल्यू का दस्तक और बिखरता सिस्टम

16 अक्टूबर को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एडह) की टीम अचानक जिला अस्पताल पहुंची। कागजों के ढेरों में छुपे राज एक-एक कर बाहर आने लगे। टीम ने वर्ष 2009 से 2020 तक के दस्तावेज जब्त किए, और शुरूआती जांच में ही गड़बड़ियों का पूरा मंजर सामने आने लगा। अस्पताल के अकाउंट सेक्शन में वर्षों से चल रही



वित्तीय हेराफेरी की परतें खुलने लगीं। सूत्रों का कहना है कि ईओडब्ल्यू पिछले दो सालों से इन फाइलों की जानकारी मांग रहा था, लेकिन अस्पताल के कुछ कर्मचारियों ने सवालों के जवाब देने की बजाय चुप्पी को अपनी सुरक्षा कवच बना लिया। शायद वे जानते थे....सच बोले तो नोकरी जाएगी, झूठ बोले तो जेल।

## प्रबंधन की नींद टूटी, नोटिस जारी

ईओडब्ल्यू के छापे के बाद जिला अस्पताल प्रशासन में अफरातफरी मच गई। सिविल सर्जन डॉ. नवनीत कोठारी ने आनन-फानन में एक्शन लेते हुए अकाउंट सेक्शन के छह कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं।

## जिनमें शामिल हैं...

नोनेलाल पटेल, के.के. राजपूत, निरुपा परते, आलोक नगाइच, नीतेश राठौर इनसे तीन दिन के भीतर जवाब तलब किया गया है। आरोप है कि इन कर्मचारियों ने न सिर्फ गड़बड़ी छिपाई, बल्कि प्रबंधन को भी गुमराह किया।

## सवालों से बड़ी है खामोशी

पूछताछ के दौरान सिर्फ एक कर्मचारी ने कुछ जवाब दिए, बाकी सब चुप रहे। यह चुप्पी बहुत कुछ कहती है। अस्पताल के गलियारों में अब यह चर्चा है कि जो फाइलें गायब हैं, वही पूरे घोटाले की गवाही देतीं।

## जनता का सवाल... इलाज की जगह इन्कम का अड्डा क्यों बना अस्पताल?

यह वही अस्पताल है, जहां रोज गरीब इलाज की उम्मीद में कतार में खड़े रहते हैं। लेकिन अंदर चल रहा खेल बताता है कि यहां मरीजों की नहीं, फाइलों की नब्ज टटोली जाती है। सवाल सीधा है.... जब अस्पताल ही बीमार हो जाए, तो इलाज कौन करेगा?

**मुहम्मद अनवार बाबू**
**स्थानीय संपादक- रेवांचल टाइम्स**

# बलवा और हत्या के मामले में फरार 5000 का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## माढ़ोताल पुलिस की बड़ी कामयाबी, फुलवर भाट को पाटन बायपास से दबोचा गया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने हत्या के एक फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। फुलवर भाट नामक यह आरोपी बलवा, मारपीट और हत्या जैसे संगीन अपराध में लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) ने 5000 के नकद इनाम की घोषणा की थी। थाना प्रभारी माढ़ोताल श्री नीलेश दोहरे ने बताया कि यह मामला 5 अक्टूबर 2025 की रात का है। राजीव गांधी नगर निवासी ईश्वर प्रसाद वंशकार (39 वर्ष) अपने मोहल्ले के लोगों के साथ हनुमानताल जा रहे थे। जब वे शिब्बू सेठ के टाल के पास पहुंचे, तो ईश्वर प्रसाद गली में गुटखा लेने गए। इसी दौरान फुलवर भाट, अरुण भाट, अरुण जैन, राज भाट और शिवम चक्रवर्ती ने उन पर तलवार, पाइप और लाठियों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे ईश्वर प्रसाद के बेटे देव वंशकार (16 वर्ष), प्रिंस रजक और अजय चौधरी को भी आरोपियों ने पीटा। गंभीर रूप से घायल ईश्वर प्रसाद को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने धारा 103(1), 191(2), 191(3) बीएनएस तथा धारा 3(2)(व्ही), 3(2)(व्ही)(ए) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। प्रारंभिक जांच के बाद चार आरोपी .... अरुण भाट, अरुण जैन, राज भाट और शिवम चक्रवर्ती .... को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया था, जबकि फुलवर भाट घटना के बाद से फरार था। पुलिस की कई टीमों द्वारा लगातार तलाश के बाद विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि फुलवर भाट पाटन बायपास पर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही माढ़ोताल पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी को अब न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक माढ़ोताल श्री बी.एस. गोठरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक गनपत मर्सकोले, प्रधान आरक्षक तरुण, आरक्षक सचिन मेहरा, निकेश, संदीप, दिलीप, विवेक तिवारी और रतन उईके की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फरार आरोपी की गिरफ्तारी यह साबित करती है कि जबलपुर पुलिस अपराधियों को किसी भी कीमत पर कानून के शिकंजे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# ट्रांसफर की अर्थिंग की चपेट में आने से महिला की मौत





**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** बरेला के ग्राम बम्हनी में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां ट्रांसफार्मर की अर्थिंग की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्रीय लोगों द्वारा ट्रांसफार्मर के तार नीचे पड़े होने की शिकायत की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद भी बिजली विभाग नहीं चेता और महिला दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और सैकड़ों लोगों ने मिलकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीमए और थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश देकर यातायात चालू कराया। समाचार लिखे जाने तक मौके पर विवाद की स्थिति बनी हुई थी।

## सरपंच ने खुद की थी शिकायत

बताया जा रहा है कि बम्हनी की सरपंच वर्षा नीलकमल झारिया को कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर के तार नीचे जमीन पर पड़े होने की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों से शिकायत कर तार व्यवस्थित करने कहा लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। आज सुबह जब एक महिला शौच के लिए जा रही थी, तभी वह अर्थिंग की चपेट में आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदारों ने शिकायत पर ध्यान दिया होता तो महिला की जान नहीं जाती।

## घंटों नहीं पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी

ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना देने के घंटों बाद तक



बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और अधिक बढ़ गया। बम्हनी तिराहा पर सैकडों लोगों ने पहुंचकर चक्काजाम किया। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से मृतिका के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। इसके उपरांत मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने मृतिका के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# स्मार्ट मीटर में हुआ धमाका, घर जला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** नगर संभाग पश्चिम के दीक्षितपुरा में अचानक एक स्मार्ट मीटर में जोरदार धमाका हुआ। धमाके से पूरे मोहल्ले में भय और दहशत फैल गई। धमाके की वजह से आस-पड़ोस की दीवारें हिल गई और घर में खड़ी बाइक तक जल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंची। इसके कारण मोहल्ले के लोग भय और असुरक्षा में घरों और सड़कों पर परेशान होते रहे। इस घटना ने यह साफ कर दिया कि वर्तमान व्यवस्था जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस गंभीर स्थिति में कांग्रेस बिजली समस्या निर्माण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। सौरभ नाटी शर्मा ने जनता समय पर बिजली बिल देती है, लेकिन अपनी जान नहीं दे सकती। जबलपुर के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह प्रशासनिक उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी इस घटना की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत और मुआवजा दिया जाना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्मार्ट मीटर की सुरक्षा और निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जाए।

# सूदखोर महिला ने दुकान में करा दी तोड़फोड़

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत एलएनवाय मार्केट स्थित चाट की दुकान में सूदखोर महिला ने कुछ असामजिक तत्वों से तोड़फोड़ करा दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। शांति नगर व्हीकल मोड़ के पास रहने वाली कमलेश केशरवानी ने बताया कि एलएनवाय मार्केट में उसकी पैतृक दुकान हैं, जहां उसके पति कैलाश और अनिल मिलकर चाट की दुकान चलाते हैं। कुछ समय पूर्व देवर अनिल ने पड़ोस में दुकान चलाने वाली कामना यादव ने 8 लाख रुपए 4 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज लिया। कुछ समय तक अनिल ने ब्याज दिया लेकिन फिर ब्याज की रकम अधिक होने के कारण ब्याज देना बंद कर दिया। जिसके बाद कामना और उसके साथियों ने मिलकर अनिल को परेशान करना शुरु कर दिया और जब इससे भी बात नहीं बनी तो दुकान में तोड़फोड़ कर दी।

# शहर का सामुदायिक भवन या नशे का मुख्यालय?

## जब जनता की जगह अपराधी कब्जा लें और पुलिस मूकदर्शक बन जाए...

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के छोटी ओमती और भरतीपुर इलाके के बीच एक सरकारी सामुदायिक भवन है .... नाम सामुदायिक, पर अब यह सिर्फ कुछ लोगों का निजी अड्डा बन गया है। यहां समाज के लिए नहीं, स्मैक और शराब के लिए दरवाजे खुलते हैं। यह वही जगह है जहाँ कभी बच्चों की हंसी और शादी-ब्याह की शहनाई गूंजती थी, अब वहाँ से बोतलों की टकराहट और झगड़ों की आवाज आती है।व्यौहारबाग निवासी वीरू चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत दी है .... और इस शिकायत में जबलपुर की एक खौफनाक सच्चाई दर्ज है। सामुदायिक भवन, जिस पर कथित तौर पर छोटू सोनकर और अनिकेत सोनकर पिता श्रीनाथ सोनकर ने कब्जा कर रखा है, अब नशे और जुए का अड्डा बन चुका है। भवन के आगे और पीछे दोनों गेट पर ताले हैं .... जैसे कोई सरकारी संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी पुश्तैनी हवेली हो। दिन में सन्नाटा, रात में हंगामा। यहां शराब, गांजा, और स्मैक का खुला कारोबार होता है। जुए



के फड़ सजते हैं। और फिर नशे में धुत लोग गलियों में निकलते हैं .... झगड़ा करते हैं, गालियाँ देते हैं, मारपीट करते हैं। विगत दिवस रात को भी यहां जमकर मारपीट हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, देर रात दो गुटों में विवाद इतना बढ़ा कि पूरे मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को फोन किया, लेकिन पुलिस देर से पहुँची .... जब तक कि सब कुछ शांत हो चुका था, और मारपीट करने वाले फिर उसी भवन में लौट गए। अब सवाल यही उठता है कि जब यह सब खुलेआम हो रहा है, तो पुलिस क्या कर रही है? शिकायत में गंभीर आरोप है कि यह सारा कारोबार पुलिस संरक्षण में चल रहा है। कुछ पुलिसकर्मी इन लोगों से हफ्ता वसूलते हैं, और बदले में उन्हें आजादी से अपराध करने की छूट देते हैं। यही कारण है कि इन युवकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी से भी सरेआम मारपीट करने से नहीं डरते।

भरतीपुर और छोटी ओमती के नागरिक अब भय और आक्रोश दोनों में हैं। रात को लोग दरवाजे बंद कर लेते हैं। महिलाएँ घर से बाहर निकलने से डरती हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन नतीजा वही .... जांच जारी है का ठंडा जवाब। अब देखना यह है कि क्या जबलपुर पुलिस अधीक्षक इस शिकायत को गंभीरता से लेते हैं, या फिर यह मामला भी उन फाइलों में खो जाएगा जिन पर लिखा होता है .... कार्यवाही हेतु , और जिन पर कभी कोई कार्यवाही होती ही नहीं। वीरू चौधरी ने मांग की है कि भवन को तुरंत अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और वहां चल रहे नशे, जुए और हिंसा के इस खेल में शामिल सभी लोगों पर .... और उन्हें संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर भी .... कड़ी कार्रवाई की जाए। यह कहानी सिर्फ एक भवन की नहीं है, यह उस व्यवस्था की कहानी है जो देखती सब है, पर बोलती नहीं। जहाँ सत्ता की चुप्पी और जनता का डर .... अपराध की सबसे बड़ी ढाल बन चुके हैं।

**मुहम्मद अनवार बाबू**

# एटीएम मशीन में बम फेंक गया कोई!

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** तिलहरी मेन रोड़ पर लगे बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में कोई बम फेंककर चला गया। धमाका के बाद एटीएम के कुछ हिस्से में आग लग गई, जिससे आंशिक रूप से नुकसान हो गया। एटीएम में बम फेंकने की खबर मिलने पर सुबह बैंक मैनेजर मौके पर पहुंचे और उन्होने पूरे मामले की सूचना गोराबाजार पुलिस को देते हुए सीसीटीवी फुटेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717


# कब्रिस्तान में इमरान का आतंक, और हनुमानताल पुलिस की नींद में लिपटी वर्दी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के दिल में स्थित मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान इन दिनों किसी भूत से नहीं, बल्कि एक जिंदा आतंक से सहमा हुआ है .... नाम है इमरान कुरैशी वल्द शहादत कुरैशी। नशे का आदी, तलवार का शौकीन और पुलिस की लापरवाही से पला हुआ यह शख्स, कब्रिस्तान में ही अपना राज चला रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इमरान स्मैक, गांजा, अफीम .... जो मिले वही पी जाता है, और नशे में ही तलवार व चाकू लेकर लोगों को डराता-धमकाता है। जो पैसे दे दे, वो बच जाए; जो ना दे, उस पर टूट पड़ता है। लात, घूंसे, तलवार .... सब उसके कानून का हिस्सा हैं। यहां तक कि कब्र खोदकर गुजर-बसर करने वाले गरीब मजदूरों तक







से वह जबरन रुपये वसूलता है। बीती रात भी वही हुआ। गवाही दे रहे हैं जहीर शाह और उनका बेटा, जिन पर इमरान ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे, मगर पीछे छूटी उनकी बाइक .... जिसे इमरान ने अपनी तलवारों से तोड़-फोड़ डाला, फिर उसे सड़क पर पटक-पटक कर नष्ट कर दिया। लेकिन कहानी का सबसे खतरनाक हिस्सा अब शुरू होता है .... जब पुलिस को सूचना दी गई। अब जबलपुर की पुलिस को तो आप जानते ही हैं .... उनके लिए अपराध स्थल कोई आपात स्थिति नहीं, बल्कि आराम का वक्त होता है। हनुमानताल थाने की पुलिस जब पहुंची तो इमरान कुरैशी तलवार लहराते हुए उनके सामने ही टहल रहा था। मगर वर्दी वाले भयमुक्त समाज के दावे करने वाले जवान उस वक्त भयभीत खड़े थे। डर के मारे किसी ने उसे पकड़ने की कोशिश तक नहीं की .... और वह पुलिस की आंखों के सामने फरार हो गया। अब वही पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर रही है .... मामूली धाराओं में। यानी कि जिस व्यक्ति ने जानलेवा हमला किया, सार्वजनिक संपत्ति तोड़ी, और कानून को ठेंगा दिखाया, उसके खिलाफ सिर्फ दिखावटी कार्रवाई। लोग कहते हैं, पुलिस ने जैसे अपनी आंखों पर सिर्फ वर्दी का पर्दा डाल रखा है। कब्रिस्तान में अब भी डर जिंदा है। स्थानीय लोग कह रहे हैं, अगर यही हाल रहा तो एक दिन इमरान किसी बड़ी वारदात को अंजाम देगा। पर सवाल यह है .... क्या तब भी पुलिस इतनी ही शालीनता से पहुंचेगी? या फिर वही पुराना जुमला सुनाई देगा .... पुलिस जांच कर रही है।

**रिपोर्ट मोहम्मद अकरम अंसारी**


ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर (म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायलयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592